माफ़ी मागने से अगर आपके, अपनों से रिश्ते सही होते है, तो माफ़ी मागने से, घबराये नहीं माँग ले

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण



Web Site: www.janjanjagran.com   भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित   भोपाल, गुरूवार 12 फरवरी 2026   वर्ष-35 अंक-175 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



## कनाडा में गोलीबारी की घटना पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कनाडा में हुई गोलीबारी की घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि वे वह कनाडा में हुई इस भीषण गोलीबारी से स्तब्ध हैं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति



गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हैं। मोदी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने

की कामना करते हुए कहा, शोक की इस घड़ी में भारत कनाडा की जनता के साथ एकजुटता से खड़ा है।

एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, कनाडा में हुई भयानक शूटिंग से बहुत दुख हुआ। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। इस दुख की घड़ी में भारत कनाडा के लोगों के साथ खड़ा है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के दशहरा मैदान में आयोजित श्री महाकाल वन मेले का शुभारंभ कर विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन करते हुए।

## ब्रीफ न्यूज

### आईआईटी खड़गपुर को मिला जीवाईटीआई-2024 का प्रशंसा पुरस्कार

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर को गांधीयन यंग टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन (जीवाईटीआई) पुरस्कार समारोह में जीवाईटीआई-2024 प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में बुधवार को आयोजित समारोह में यह सम्मान संस्थान की सतत, सामाजिक रूप से प्रासंगिक और उन्नत तकनीकी नवाचारों में अग्रणी भूमिका को रेखांकित करता है।

### सात नए बुलेट ट्रेन कॉरिडोर परियोजना के जल्द क्रियान्वयन के निर्देश

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने बजट 2026 में घोषित सात नए बुलेट ट्रेन (हाई स्पीड रेल) कॉरिडोर परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने पत्र जारी कर आवश्यक कार्रवाई तत्काल शुरू करने को कहा है। रेलवे बोर्ड के अनुसार जिन सात बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की घोषणा की गई है, उनमें मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी शामिल हैं।

### सुनेत्रा पवार ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा अजीत पवार ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। सुनेत्रा पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों नेताओं से मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए यह जानकारी दी। मुलाकात के दौरान सुनेत्रा के साथ उनके दोनों बेटे- पार्थ एवं जय पवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य प्रफुल्ल पटेल और प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे भी मौजूद थे।

### हरसिमरत कौर बादल ने बजट में पंजाब की उपेक्षा का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने लोकसभा में केंद्रीय बजट में पंजाब की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि साल 2015 के बाद से किसी भी बजट में पंजाब को उसका हक नहीं मिला। राज्य हर साल 2000 करोड़ रुपये से अधिक कर केंद्र सरकार को देता है, लेकिन बदले में कुछ नहीं मिलता। पंजाब के भठिंडा से सांसद हरसिमरत कौर बादल ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में कहा कि पंजाब की विकास दर राष्ट्रीय औसत से कम है। जीएसडीपी अनुपात गिर रहा है। पंजाब की रीढ़ कृषि है लेकिन किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी नहीं मिली। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू नहीं हुईं। पिछले पांच सालों में 1000 से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है। पीएम किसान निधि के लाभार्थियों की संख्या 50 प्रतिशत घटा दी गई है। उर्वरक और बिजली पर सब्सिडी कम कर दी गई है।

### ईसीआई ने चुनावी राज्यों में चलाया ईवीएम-वीवीपैट जागरूकता अभियान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में ईवीएम और वीवीपैट जागरूकता अभियान चला रहा है। इन सभी राज्यों में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। अभियान का उद्देश्य मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की कार्यप्रणाली से परिचित कराना और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। चुनाव आयोग के अनुसार, यह जागरुकता अभियान सबसे पहले 23 जनवरी को पश्चिम बंगाल में शुरु हुआ। इसके बाद 25 जनवरी, 27 जनवरी, 3 फरवरी और 5 फरवरी को क्रमशः तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और असम में शुरू हुआ। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) मुख्यालय और रिटर्निंग ऑफिसर या राजस्व उप-डिवीजन मुख्यालयों पर ईवीएम डेमो सेंटर बनाए गए हैं।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता और समर्थ भारत निर्माण के चिंतक थे: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया नमन

### लालघाटी स्थित प्रतिमा पर की पुष्पांजलि अर्पित

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नमो वन में लगाया रुद्राक्ष का पौधा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जब विश्व में सभी ओर साम्यवाद और समाजवाद की विचारधाराओं का प्रभाव था, तब पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद और अंत्योदय की कल्याणकारी दृष्टि प्रदान की। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को निरंतरता प्रदान करने का प्रभावी प्रयास था। पं. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता तथा समर्थ भारत निर्माण के चिंतक थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक, संगठनकर्ता और भारतीय जनसंघ के सह संस्थापक रहे। दीनदयाल जी का विचार था कि स्वतंत्रता तभी सार्थक होती है, जब वो हमारी संस्कृति की अभिव्यक्ति का साधन बने। उनके विचारों ने समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में उजास लाने का मार्ग प्रशस्त किया। दीनदयाल जी के विचार भारतीय मानस को सशक्त राष्ट्र और समाज के निर्माण के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. दीनदायल उपाध्याय की प्रतिमा के निकट विकसित नमो वन का अवलोकन कर रुद्राक्ष का पौधा रोपा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुरूप प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, गरीब-किसान-युवा और महिलाओं कल्याण के साथ सभी को प्रगति के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर सक्रिय है।

## केंद्रीय बजट ने नॉर्थईस्ट पर फोकस के साथ विकसित भारत के लिए मजबूत नींव रखी: शिवराज



**गुवाहाटी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि असम और पूरा नॉर्थईस्ट डेवलपमेंट का एक नया चैप्टर लिख रहा है। गुवाहाटी में एक सभा को संबोधित करते हुए, चौहान ने कहा कि हाल ही में केंद्रीय बजट ने इस क्षेत्र पर खास जोर देते हुए पूरी तरह से विकसित भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है। मंत्री ने बजट को सिर्फ नंबरों का सेट नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों के लिए एक विजन डॉक्यूमेंट बताया। उन्होंने सरकार के इस कमिटमेंट पर जोर दिया कि डेवलपमेंट के मौके देश के सभी हिस्सों, खासकर नॉर्थईस्ट तक पहुंचें।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट भारत के लिए तरक्की के नए रास्ते खोलता है, जिसमें सबको साथ लेकर चलने पर फोकस है। उन्होंने कहा कि बजट से समाज के हर तबके और हर जाति को फायदा होता है और यह भारत, असम और नॉर्थ ईस्ट की तरक्की और विकास के दरवाजे खोलता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह फाइनेंशियल प्लान सभी राज्यों, खासकर नॉर्थ ईस्ट में ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, दोस्तों, यह बजट समाज के हर तबके, हर जाति के लिए है। इसमें हर राज्य और खासकर नॉर्थ-ईस्ट को मज़बूत करने का ब्लूप्रिंट है। इस बजट में, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हमें भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत रोडमैप बनाना है। उन्होंने इन कदमों को इस इलाके में मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और जीवन की क्वालिटी सुधारने की दिशा में जरूरी कदम बताया।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि दशकों से, कांग्रेस नॉर्थ-ईस्ट और खासकर असम को अपना वोट बैंक समझती रही है। यह एक पॉलिटिकल लैब बन गया था। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने असम और नॉर्थईस्ट को कम डेवलप और अस्थिर रखा।

## किसान-गरीब को बेचने वाले हमें समझौते पर नसीहत दे रहे: निर्मला सीतारमण




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि यह विडंबना है कि किसान और गरीब के हितों के साथ समझौता करने वाले कांग्रेस पार्टी के नेता आज हमें समझौता कैसे किया जाता है, इस पर नसीहत दे रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में कहा कि आतंकवाद के बावजूद पाकिस्तान से समझौता करने वाले आज हमें समझौता करने के बारे में बता रहे हैं। उन्होंने कहा, 卐जो लोग शर्म-अल-शेख में आतंकवाद के बावजूद पाकिस्तान के साथ बातचीत करना चाहते हैं, वे अब हमें बातचीत पर सुझाव दे रहे हैं।

लोकसभा में कल केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा के आरंभ के बाद आज दिनभर सदन में इसी विषय पर चर्चा चली। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाग लिया और केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चर्चा पर जवाब देते हुए बजट में महिला, युवा और मजदूरों के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया।

## ममता पहली सीएम हैं जो अपने ही कर्मचारियों को डीए न देने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची: भूपेंद्र यादव

**कोलकाता।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश की एकमात्र ऐसी मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने अपने ही सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) देने से बचने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया।

कोलकाता में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कई लोगों की मौत का आरोप लगाया था, जबकि वास्तव में इस प्रक्रिया के कारण किसी की मृत्यु नहीं हुई। उन्होंने दावा किया कि राज्य के कई कर्मचारी वर्षों से बकाया महंगाई भत्ता नहीं मिलने से निराश थे।



पत्रकार वार्ता में पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने मुख्यमंत्री पर उच्चतम न्यायालय के आदेश को लेकर मीडिया के सवालों से बचने का आरोप लगाया। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री यह कहकर जवाब देने से बच रही हैं कि मामला विचाराधीन है, जबकि उच्चतम न्यायालय ने पिछले सप्ताह स्पष्ट आदेश दे दिया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अदालत ने राज्य सरकार को 2008 से 2019 के बीच के महंगाई भत्ता बकाये का भुगतान करने का निर्देश दिया है। साथ ही कुल बकाये की 25 प्रतिशत राशि इस वर्ष 31 मार्च तक चुकाने को कहा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी आदेश की अवहेलना की गई तो कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई हो सकती है।

गौरतलब है कि, उच्चतम न्यायालय ने पांच फरवरी को अपने फैसले में राज्य सरकार को कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बकाया महंगाई भत्ता देने का निर्देश दिया था। अनुमान है कि इससे राज्य पर तत्काल लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का भार पड़ेगा, जबकि दीर्घकाल में यह राशि करीब 42 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है।

## अमृत भारत और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों में इमरजेंसी कोटा लागू, रेलवे बोर्ड का आदेश जारी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने अमृत भारत और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों में इमरजेंसी कोटा लागू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों और क्रिस (सीआरआईएस) के प्रबंध निदेशक को निर्देश जारी किए हैं।

रेलवे बोर्ड द्वारा जारी पत्र के अनुसार, पूर्व में 15 जनवरी के निर्देशों के तहत इन ट्रेनों में केवल महिला कोटा, दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) कोटा, वरिष्ठ नागरिक कोटा और ड्यूटी पास कोटा ही लागू था तथा अन्य किसी प्रकार का आरक्षण कोटा, जिसमें आरएसी (रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन) भी शामिल है, लागू नहीं था।

मामले की समीक्षा के बाद अब इन ट्रेनों में इमरजेंसी कोटा भी लागू करने का निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार, जिन अमृत भारत ट्रेनों में 7 या उससे अधिक स्लीपर (एसएल) कोच हैं, उनमें अधिकतम 24 बर्थ का इमरजेंसी कोटा निर्धारित किया जा सकता है।

वहीं, वंदे भारत स्लीपर (वीबीएस) ट्रेनों में अलग-अलग श्रेणियों के लिए इमरजेंसी कोटा तय किया गया है। इसके तहत सप्ताह के दिनों में प्रथम श्रेणी एसी (1ए) में 4, सप्ताहांत में 6; द्वितीय एसी (2ए) में सप्ताह के दिनों में 20, सप्ताहांत में 30 तथा तृतीय एसी (3ए) में सप्ताह के दिनों में 24 और सप्ताहांत में 42 बर्थ इमरजेंसी कोटे के तहत निर्धारित की जा सकती हैं।

रेलवे बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यह कोटा अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) या बुकिंग शुरू होने की तिथि से, जो भी पहले हो, लागू किया जा सकेगा। साथ ही, अन्य मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की तरह जोनल रेलवे मांग और उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर इमरजेंसी कोटे की समीक्षा कर आवश्यक समायोजन कर सकेंगे।

## दिल्ली मेट्रो के तीन नए कॉरिडोर को मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली मेट्रो के फेज-5(ए) के तहत तीन नए कॉरिडोर को बुधवार को मंजूरी प्रदान की। इस परियोजना में कुल 16 किलोमीटर की लंबाई वाले तीन नए कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे, जिनमें 13 मेट्रो स्टेशन होंगे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इससे जुड़े प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया। सरकार बयान के मुताबिक राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत कुल 16 किलोमीटर की लंबाई वाले तीन नए कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे, जिनमें 13 मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे। इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 12,014.91 करोड़ रुपये है, जिसमें दिल्ली सरकार का बजटीय हिस्सा 2,940.46 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। परियोजना को वर्ष 2028 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करना अनिवार्य है और यह विस्तार इसी दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली सरकार राजधानी को विश्वस्तरीय और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उनके 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए परिवहन प्रणाली को एकीकृत और जनकेंद्रित बनाने के लिए केंद्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है।

## नेपाल से 800 कांवड़ियों का विशाल दल हरिद्वार पहुंचा



### हरकी पैड़ी से गंगाजल भरकर महाशिवरात्रि पर सहसनाथ महादेव में करेंगे जलाभिषेक

**हरिद्वार।** शारदीय कांवड़ मेले में पड़ोसी राज्यों से ही नहीं, बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी शिवभक्त गंगाजल और कांवड़ लेने हरिद्वार पहुंच रहे हैं। नेपाल से कांवड़ियों का एक दल गंगा जल लेने हरिद्वार पहुंचा। इस दल में करीब 800 कांवड़िए शामिल हैं।

नेपाल से आए सभी कांवड़ियों ने बुधवार को हरिद्वार हरकी पैड़ी से गंगाजल भरा। इसके बाद वो लंबी दूरी तय करके महाशिवरात्रि के पर्व पर नेपाल पहुंचेंगे। इस गंगाजल से सभी भक्त नेपाल के बारा जिले में स्थित सहसनाथ महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं।

हरिद्वार में शारदीय कांवड़ मेले में हरकी पैड़ी समेत तमाम गंगा घाटों पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम दिखाई दे रहा है। यहां पड़ोसी राज्यों ही नहीं बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में कांवड़िए गंगाजल लेने पहुंचे। नेपाल के बारा जिले से करीब 800 कांवड़ियों का विशाल दल हरिद्वार पहुंचा, जो हरकी पैड़ी से विधि विधान के साथ गंगाजल भरकर लंबी यात्रा करेगा। नेपाल से आए कांवड़ियों ने बताया कि यह यात्रा आठ पीढ़ियों से चली आ रही है, जो आस्था का प्रतीक मानी जाती है।

दल में शामिल सदस्य अनिल कुमार मंडल ने बताया कि उनके दल के सभी सदस्य बारा हजारी कापड़ा कावरसारा समुदाय से जुड़े हैं।

## चुनाव से पहले आयोग का बड़ा आदेश, तीन साल से एक ही जगह तैनात अधिकारियों का होगा तबादला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने तीन वर्ष से अधिक समय से एक ही पद या जिले में तैनात प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के तबादले का निर्देश दिया है। बुधवार को आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

निर्देश के अनुसार यह आदेश जिलाधिकारी, अतिरिक्त जिलाधिकारी, प्रखंड विकास अधिकारी, उप-मंडलाधिकारी और अन्य जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों पर लागू होगा। इसके साथ ही पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), उप-महानिरीक्षक (डीआईजी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को भी स्थानांतरित किया जाएगा।

निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। जिन अधिकारियों ने किसी विशेष जिले या पद पर तीन वर्ष से अधिक समय पूरा कर लिया है।

## ब्रीफ न्यूज़

### महिदपुर के काजीखेड़ी डैम के पास एक भीषण सड़क हादसा

**सीसीटीवी में कैद हुआ मौत का मंजरज**



**उज्जैन (ब्यूरो)।** महिदपुर के काजीखेड़ी डैम के पास एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है।तेज रफ्तार और लापरवाही से दौड़ती कार ने ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर तीन टुकड़ों में बिखर गया,और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हुआ,जिसे तत्काल उज्जैन रेफर किया गया है। टक्कर मारने के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### उज्जैन में पहली बार सजा 'महाकाल वन मेला'

**उज्जैन (ब्यूरो)।** महाकाल की नगरी उज्जैन में पहली बार आयोजित महाकाल वन मेला का शुभारंभ बुधवार शाम दशहरा मैदान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। समृद्ध वन, खुशहाल जन थीम पर आयोजित यह मेला 11 से 16 फरवरी तक चलेगा। उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने एमएफपी पार्क द्वारा तैयार प्राकृतिक होली रंग-गुलाल, महाकाल स्मृति उपहार का विमोचन किया और वन विभाग की नई पहल महाकाल वन प्रसादम की शुरुआत भी की।

कार्यक्रम में वन, पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार, अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही.एन. अंबाडे, प्रबंध संचालक डॉ. समिता राजौरा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने वन मंडलाधिकारी एवं जिला यूनियन दक्षिण पन्ना के प्रबंध संचालक और वन रक्षक को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया।

इस मेले का उद्देश्य प्रदेश के वनवासियों द्वारा एकत्र की जाने वाली अकाष्ठीय वनोपज (जैसे शहद, हर्रा, बहेरा, आंवला, गोंद, जड़ी-बूटियां आदि) के संरक्षण, संवर्धन, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देना है। वन मेला प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगा।

मेले में अकाष्ठीय वनोपज संग्राहक, वन धन केंद्र, प्राथमिक लघु वनोपज समितियां, हर्बल और आयुर्वेदिक उद्योगों के प्रतिनिधि अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय कर रहे हैं। प्रदेश की लाखों ग्रामीण आबादी की आजीविका इन वनोपजों पर निर्भर है।

### दतिया में 17 लाख के सोने के जेवर चोरी, घर में काम करने वाली महिला हिरासत में

**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया शहर की न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में करीब 17 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने घर में काम करने वाली महिला को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी सुधीर सिकरवार ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वे दिल्ली में एक आईटी कंपनी संचालित करते हैं और पिछले लगभग दो माह से परिवार सहित दतिया में रह रहे थे।

शिकायत में बताया गया है कि 1 फरवरी को उनकी पत्नी और बच्चे दिल्ली चले गए थे। इसके बाद 7 फरवरी को वे अपनी मां को इलाज के लिए ग्वालियर लेकर गए। इस दौरान घर की देखरेख की जिम्मेदारी घर में काम करने वाली महिला के पास थी। बताया जाता है कि 10 फरवरी की सुबह जब सुधीर सिकरवार दिल्ली रवाना होने की तैयारी कर रहे थे, तब उन्होंने अलमारी में रखे जेवरात की जांच की। जांच के दौरान सोने के जेवर गायब पाए गए।

चोरी हुए जेवरात में सोने की अंगूठियां, चैन, कड़ा, ब्रेसलेट, टॉप्स और कान की चैन शामिल हैं। इनका कुल वजन 100 ग्राम से अधिक बताया गया है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 17 लाख रुपये आंकी गई है।

पीड़ित के अनुसार, घटना की जानकारी लगने के बाद जब उन्होंने घरेलू कामगार महिला से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल फोन बंद मिला और वह कई दिनों से काम पर भी नहीं आ रही थी।

# उज्जैन पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हरियाखेड़ी जलप्रदाय योजना का भूमिपूजन किया

### डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन वाहन को दिखाई हरी झंडी

**उज्जैन (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन के हरियाखेड़ी में 1133.67 करोड़ की लागत से आकार लेने वाली जल आवर्धन परियोजना के लिए वेद मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन किया। सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत इस परियोजना पर काम किया जा रहा है। यहीं से उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली 16 गाड़ियां और पांच अन्य वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव की मंशानुरूप हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना अंतर्गत निर्बाध शुद्ध जल की आपूर्ति के लिए नवीन पाइपलाइन भी डाली जाएगी। साथ ही पुरानी की जगह नवीन पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी। हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत सेलारखेड़ी, गंभीर, उंडासा एवं साहिबखेड़ी को मुख्य जल स्रोत के रूप में उपयोग किया जाएगा, जिससे सिंहस्थ के दौरान और उसके बाद भी निर्बाध जल आपूर्ति बनी रहे। इसे 24 माह में चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जाएगा।

#### हरियाखेड़ी एवं गंभीर पर 2 नए इंटेक वेल बनेंगे

हरियाखेड़ी एवं गंभीर पर 2 नए इंटेक वेल का निर्माण किया जा रहा है। अंबोदिया (70 एमएलडी), गौघाट (80 एमएलडी) एवं हरियाखेड़ी (100 एमएलडी) में नए जल शोधन संयंत्रों का निर्माण होगा। जिनकी क्षमता 250 एमएलडी होगी। उक्त जल शोधन यंत्री से मौजूदा 7 जल शोधन संयंत्रों (कुल 151 एमएलडी क्षमता) को मजबूत एवं उन्नत किया जाएगा।

#### 17 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे

परियोजना अंतर्गत 600 से 3000 किलो लीटर क्षमता के 17 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे। योजना अंतर्गत 708 किमी पाइप लाइन रहेगी। जिसमें लगभग 534 किलोमीटर लंबा नया वितरण नेटवर्क विकसित किया जाएगा और पुरानी एसीपी पाइपलाइन भी बदली जाएगी।




#### 49,087 नए घरेलू कनेक्शन दिए जाएंगे

शुद्ध पानी के लिए 150 से 800 मिमी व्यास की क्लियर वॉटर पाइपलाइन (लगभग 136 किलोमीटर) बिछाई जाएगी। पानी के लिए 900 से 1300 मिमी व्यास की रॉ वॉटर पाइपलाइन (लगभग 39.75 किलोमीटर) का निर्माण किया जाएगा।

#### योजना में 20 गांव भी शामिल

सिंहस्थ 2028 के दौरान उज्जैन शहर की प्रभावी जनसंख्या लगभग 9.65 लाख तथा मेला क्षेत्र की अस्थायी जनसंख्या लगभग 21.83 लाख अनुमानित है। दिव्य राजसी स्नान के दिनों में एक ही दिन में लगभग 228 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। उज्जैन के निकट बसे लगभग 20 ग्रामों को भी योजना में शामिल किया गया है।

ये ग्राम नगरीय विस्तार क्षेत्र में स्थित होने के कारण भविष्य में जल मांग में महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। उक्त परियोजना सिंहस्थ 2028 के बाद उज्जैन शहर की वर्ष 2055 तक की जल आपूर्ति जरूरतों को पूर्ण करने में सक्षम होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पौधारोपण भी किया।

#### दशहरा मैदान पर वन मेले का शुभारंभ

शाम 4 बजे दशहरा मैदान पर वन विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा आयोजित श्री महाकाल वन मेला उज्जैन 2026 का शुभारंभ किया जाएगा। मेला 11 से 16 फरवरी तक चलेगा। हरियाखेड़ी जलप्रदाय योजना के तहत देवास रोड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और सिलारखेड़ी तालाब की क्षमता 6 से 51 एमसीएम की जाएगी। योजना से शहर को प्रतिदिन 100 एमएलडी शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

### वेलेंटाईन डे से पहले गुलाब की कलियां हुई महंगी

**डच गुलाब की कली 35 रुपये तक पहुंची, 14 फरवरी को और महंगे होने के संकेत**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** वेलेंटाइन डे अभी आने में कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन इससे पहले ही फूलों के बाजार में गुलाब की कीमतों ने रफ्तार पकड़ ली है। उज्जैन की थोक फूल मंडी में बुधवार सुबह डच गुलाब की एक कली 30 से 35 रुपये प्रति नग तक बिकी, जिससे खुदरा बाजार में कीमतें और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि 14 फरवरी के दिन गुलाब के दाम और ऊंचे पहुंच सकते हैं।

थोक फूल व्यवसायी अभिषेक दयाल ने बताया कि वेलेंटाइन डे को लेकर शहर में पहले से ही मांग बढ़ने लगी है। खासतौर पर डच गुलाब, जो प्रेम दिवस पर सबसे अधिक पसंद किया जाता है, उसकी आवक सीमित होने के कारण दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। बाहर से आने वाले गुलाब की लागत बढ़ने और परिवहन खर्च के चलते भी कीमतों में उछाल देखा जा रहा है।

## उज्जैन में शादी से इनकार पर युवक का हमला

### घर में घुसकर युवती और भाई को पीटा, आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन (ब्यूरो)।** उज्जैन जिले के इंगोरिया थाना क्षेत्र में शादी से इनकार करने पर एक युवक ने युवती के घर में घुसकर उस पर हमला कर दिया। आरोपी ने युवती के भाई को भी पीटा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

यह घटना 7 फरवरी की दोपहर की है। आरोपी धर्मेंद्र जाट युवती के सूने घर में घुस गया। उसने पहले युवती से छेड़छाड़ की और फिर जबरन शादी करने का दबाव बनाया। युवती के इनकार करने पर आरोपी ने उसे जबरदस्ती घर से बाहर ले जाने की कोशिश की। बहन को बचाने पहुंचे उसके छोटे भाई के साथ भी आरोपी ने मारपीट की और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।



मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश में एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मात्र 48 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस जब आरोपी को पकड़कर लाई, तो वह अपना चेहरा छुपाता नजर आया।

## पीपीपी मॉडल पर संचालित होगी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना

### फिलहाल संसाधन, स्टॉफ और बजट मंजूरी का इंतजार - अप्रैल से शुरु करने की है योजना

**उज्जैन (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना की तैयारी अब उज्जैन संभाग में भी तेज हो गई है। योजना को धरातल पर उतारने के लिए उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (यूसीटीएसएल) के बोर्ड का पुनर्गठन कर दिया गया। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) के सीईओ संदीप सोनी को कंपनी का कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है। हालांकि अभी इसके लिए कोई बजट निर्धारित नहीं किया गया है और न ही कार्यालय की व्यवस्था है। स्टॉफ में भी केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति है। बावजूद इसके संदीप सोनी का कहना है कि इस प्रोजेक्ट को पीपीपी मॉडल के आधार पर सफलता से संचालित करने के प्रयास करेंगे।

नई वित्तीय वर्ष अप्रैल से प्रदेश में शुरू होने जा रही इस योजना के तहत सार्वजनिक परिवहन को व्यवस्थित, सुलभ और भरोसेमंद बनाने पर जोर रहेगा। उज्जैन संभाग के आठ जिलों में इस योजना के तहत बस सेवाएं शुरू करने की तैयारी की जा रही है। यूसीटीएसएल के नए बोर्ड में उज्जैन संभाग के उज्जैन, रतलाम, शाजापुर, देवास, नीमच, मंदसौर और आगर-मालवा जिलों के कलेक्टर, संबंधित महापौर, नगर निकाय प्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। इससे योजना के क्रियान्वयन में प्रशासनिक समन्वय मजबूत होगा।

#### सात रीजनल कंपनियों के जरिए चलेगी व्यवस्था...

कार्यकारी निदेशक संदीप सोनी ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना को पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर सफलतापूर्वक संचालित करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि निजी सहभागिता के माध्यम से योजना को आर्थिक रूप से व्यवहारिक बनाकर आमजन को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना के तहत प्रदेश स्तर पर एक मुख्य कंपनी बनाई गई है। इसके अंतर्गत सात रीजनल (क्षेत्रीय) कंपनियां कार्य करेंगी। ये कंपनियां अपने-अपने क्षेत्रों में बस परिवहन सेवाओं का संचालन करेंगी। बस संचालन के लिए पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल अपनाया जाएगा। यानी बसें निजी ऑपरेटर उपलब्ध कराएंगे, जबकि रूट तय करना, किराया निर्धारण, समय-सारणी, यात्री सुविधाएं और निगरानी का जिम्मा संबंधित कंपनियों के पास रहेगा।

### युवक के कब्जे से सात पेटी अवैध शराब जब्त

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में छापीहेड़ा थाना पुलिस ने मंगलवार की रात कस्बा स्थित शनि मंदिर के समीप से दबिश देकर 25 वर्षीय युवक को पकड़ा और उसके कब्जे से सात पेटी अवैध शराब जब्त की, जिसकी कीमत 25 हजार रुपये बताई गई है। थाना प्रभारी हुकुमसिंह मीणा ने बुधवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार रात कस्बा स्थित शनि मंदिर के समीप से दबिश देकर 25 वर्षीय चिंटू पुत्र पारस कंजर निवासी छापीहेड़ा को हिरासत में लिया और उसके कब्जे से सात पेटी अवैध शराब जब्त की, जिसकी कीमत 25 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू की। पुलिस मामले में आरोपित से अवैध शराब की उपलब्धता और सप्लाई के बारे में पूछताछ कर रही है।

## पंचमपुरा मार्ग चौड़ीकरण में किसी को एक तो किसी को दो फीट के लिए भी नोटिस

**उज्जैन (ब्यूरो)।** टैगोर चौराहा से दो तालाब तक (पंचमपुरा) मार्ग चौड़ीकरण के लिए नगर निगम की तरफ से भवन स्वामियों को नोटिस बंटना शुरू हो गए हैं। मार्ग विस्तार में 50 से अधिक भवन-प्रतिष्ठान ऐसे है जो कि एक-दो फीट ही प्रभावित हो रहे हैं। लिहाजा ये मांग उठने लगी है कि मार्ग के विस्तार में प्रस्तावित तीन फीट का डिवाइडर छोटा किया जाए ताकि ये लोग प्रभावित होने से बच सकेंगे।

नए शहर का पंचमपुरा वाला ये मार्ग वर्तमान में सिंगल लेन व संकरा है। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से इसे करीब 60 फीट चौड़ा किया जाना है। निगम की तरफ से यहां रहवासियों को नोटिस जारी करने के साथ ही प्रभावित होने वाले भवन-प्रतिष्ठानों पर निशान भी लगा दिए हैं। रहवासियों का कहना है कि नोटिस में सात दिन में अपने भवन-दुकानों का प्रभावित हिस्सा स्वयं हटा लेने के लिए7 कहा गया है। यहां कई के केवल ओटले, कुछ के एक से दो फीट तक के हिस्से व गैलरी आदि इस विस्तार में प्रभावित हो रहे हैं।




जनप्रतिनिधि व अधिकारी एक बार करे क्षेत्र का दौरा रहवासी चाहते हैं कि निगम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अधिकारी एक बार क्षेत्र का दौरा कर समाधान निकाले। तीन-साढ़े तीन फीट के डिवाइडर की चौड़ाई कुछ कम कर दी जाएगी तो इन लोगों का लाखों रुपयों का होने वाला नुकसान होने से बच जाएगा। पार्षद नवीता विकास मालवीय ने एक पत्र जनता की तरफ से तैयार कर मामले में जनप्रतिनिधि व अधिकारियों से चर्चा करने की बात कही।

## महाशिवनवरात्रि पर भगवान महाकाल का होलकर स्वरूप श्रृंगार

### षष्ठम दिवस पर रजत मुकुट चंद्र और नवीन वस्त्र के साथ मुंडमाल अर्पित किए गए

**उज्जैन (ब्यूरो)।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिव नवरात्रि पर्व के षष्ठम दिवस पर भगवान महाकाल का होलकर स्वरूप में श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रांगण स्थित कोटितीर्थ के तट पर सुबह श्री कोटेश्वर महादेव भगवान का पूजन-अभिषेक और आरती हुई।



मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राह्मणों ने रुद्रपाठ के साथ अभिषेक किया। दोपहर 3 बजे के बाद संध्या पूजन किया गया। इसके पश्चात महाकालेश्वर को रजत मुकुट चंद्र और नवीन वस्त्र के साथ मुण्डमाल अर्पित कर श्रृंगारित किया।

15 फरवरी तक प्रतिदिन संध्या समय अलग-अलग स्वरूपों में भगवान के दर्शन होंगे। ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी का शिवनवरात्रि सातवें दिन 12 फरवरी मनमहेश स्वरूप में दर्शन देंगे। इसके बाद 13 फरवरी को उमा महेश, 14 फरवरी शिव तांडव श्रृंगार और 15 फरवरी को सप्तधान का मुखौटा अर्पित कर दर्शन देंगे।

## 20 दिन में दूसरी बार महाकाल के दरबार पहुंचे सुनील शेट्टी

### बेटे अहान शेट्टी की फिल्म की सफलता पर बाबा महाकाल का जताया आभार

**उज्जैन (ब्यूरो)।** अभिनेता सुनील शेट्टी ने आज उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने अपने बेटे अहान शेट्टी की फिल्म %बॉर्डर 2% की सफलता के लिए बाबा महाकाल का आभार व्यक्त किया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी और उप प्रशासक सिम्मी यादव ने अभिनेता का स्वागत एवं सम्मान किया।



सुनील शेट्टी इससे पहले 21 जनवरी को अपने परिवार के साथ महाकालेश्वर मंदिर आए थे। उस समय उन्होंने परिवार की खुशहाली, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की थी। उन्होंने यह भी बताया था कि अहान की फिल्म %बॉर्डर-2% देश के जवानों को समर्पित है और इसकी सफलता के लिए उन्होंने बाबा महाकाल से आशीर्वाद मांगा था।

फिल्म को मिल रही सफलता के बाद सुनील शेट्टी दोबारा महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि वे 20 दिनों के भीतर दोबारा यहां आएंगे।

उन्होंने कहा कि सभी के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है और %बॉर्डर% फिल्म की अच्छी सफलता के लिए भी आभार व्यक्त करने आए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे हमेशा बाबा के चरणों में माथा टेकने आते रहेंगे और सही काम करते रहें, यही उनकी कामना है।

## प्रभारी प्राचार्य पर एफआईआर के विरोध में शिक्षक और ग्रामीण

### आरोप-स्कूल में अश्लील गानों पर डांस रुकवाने पर अतिथि शिक्षक ने भीड़ के साथ किया जानलेवा हमला

**उज्जैन (ब्यूरो)।** माकड़ौन थाना क्षेत्र के शासकीय ईपीएस हाईस्कूल परसोली में प्रभारी प्राचार्य और अतिथि शिक्षक के बीच उपजा विवाद अब गरमाता जा रहा है। पुलिस द्वारा प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध दर्ज की गई एफआईआर को एकतरफा बताते हुए मंगलवार को बड़ी संख्या में शिक्षकों और ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण जगन्नाथ बागड़ी ने बताया घटना 7 फरवरी की है। आरोप है कि अतिथि शिक्षक दिलीप शर्मा ने स्कूल परिसर में अपना जन्मदिन मनाया जिसमें 10वीं कक्षा की छात्राओं को डांस करवाया। इसमें कुछ बाहरी असामाजिक तत्व भी शामिल थे। प्रभारी प्राचार्य ने जब इस पर आपत्ति जताते हुए कार्यक्रम रुकवाया और कक्षा में ताला लगवाया तो उन्हें देख लेने की धमकी दी गई।



#### जानलेवा हमला और तोड?ड़ का आरोप

प्राचार्य द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार 9 फरवरी को जब बोर्ड परीक्षा का काम चल रहा था तब अतिथि शिक्षक दिलीप शर्मा 50-60 लोगों की भीड़ लेकर स्कूल पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। बचने के लिए प्राचार्य ने खुद को कमरे में बंद किया तो भीड़ ने खिड़की-दरवाजे और उनकी बाइक तोड?ड़ तोड़ दी। आरोप है कि इस दौरान जातिगत शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया।

#### पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि 112 पर सूचना के बाद पुलिस प्राचार्य को थाने ले गई, जहां दबाव बनाकर उनके विरुद्ध ही मामला दर्ज कर लिया गया, जबकि उनकी शिकायत को अनसुना कर दिया गया। घटना का वीडियो बना रहे बाबूलाल मालवीय का मोबाइल भी तोड़ दिया गया।

#### इनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग

शिक्षकों ने एसपी से मांग की है कि अतिथि शिक्षक दिलीप शर्मा, रोजगार सहायक कमल शर्मा, संजय शर्मा और विक्रम शर्मा के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया जाए। इस दौरान संजय परमार, सुरेंद्र सिंह यादव, हीरालाल पवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### आनंद नगर में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार

**भोपाल।** भोपाल के आनंद नगर इलाके में मंगलवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना रात करीब 11ः30 बजे रायसेन रोड पर हुई, जब पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार आयसर ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन बुधवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

पिपलानी थाना पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान प्रवेश जाटव (30) के रूप में हुई है, जो आनंद नगर के पास स्थित एक टेंट हाउस में नौकरी करता था। वह मंगलवार रात काम खत्म कर अपने घर लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

प्रवेश मूल रूप से रायसेन जिले के सुल्तानपुर का रहने वाला था और रोजगार की तलाश में पिछले तीन साल से भोपाल में रह रहा था। वह दो छोटे बच्चों का पिता था और परिवार का एकमात्र सहारा था। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फरार ट्रक और चालक की तलाश की जा रही है।

### 45 पैसे के इंश्योरेंस से मिले 10 लाख, ट्रेन हादसे में मौत के 5 साल बाद परिवार को मिला न्याय

**भोपाल।** मुरैना जिले के रवि कुमार शर्मा के परिवार को एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार न्याय मिल गया। मात्र 45 पैसे के ट्रेवल इंश्योरेंस ने उनके परिवार को 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद दिलाई। यह राशि उन्हें ट्रेन हादसे में रवि की मौत के करीब पांच साल बाद मिली है।

जानकारी के अनुसार, रवि कुमार शर्मा ने 19 अक्टूबर 2020 को मुरैना से निजामुद्दीन जाने के लिए भोपाल एक्सप्रेस का ऑनलाइन टिकट बुक किया था। टिकट बुक करते समय उन्होंने 45 पैसे का ट्रेवल इंश्योरेंस भी लिया था। 21 अक्टूबर 2020 की रात करीब 3ः20 बजे मुरैना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय हादसे में उनकी मौत हो गई थी।

घटना के बाद परिवार ने इंश्योरेंस क्लेम के लिए आवेदन किया, लेकिन प्रक्रिया लंबी और जटिल होने के कारण उन्हें कई साल तक इंतजार करना पड़ा। आखिरकार सभी जरूरी दस्तावेज और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद बीमा कंपनी ने परिवार को 10 लाख रुपए की राशि प्रदान की।

यह मामला इस बात का उदाहरण है कि टिकट बुक करते समय लिया गया छोटा सा ट्रेवल इंश्योरेंस भी बड़े समय पर परिवार के लिए सहारा बन सकता है। यात्रियों को ऑनलाइन टिकट बुक करते समय इंश्योरेंस विकल्प को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### हर्षवर्धन नगर, राजवैध-बंजारी समेत 25 इलाकों में कल बिजली कटौती, 2 से 7 घंटे बाधित रहेगी सप्लाई

**भोपाल।** भोपाल शहर के करीब 25 इलाकों में गुरुवार को 2 से 7 घंटे तक बिजली कटौती की जाएगी। बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस और लाइन सुधार कार्य किए जाने के कारण इन क्षेत्रों में सप्लाई प्रभावित रहेगी। कंपनी ने लोगों से पहले से जरूरी काम निपटाने और असुविधा से बचने की अपील की है।

जानकारी के अनुसार, हर्षवर्धन नगर, राजवैध-बंजारी, द्वारकापुरी और इतवारा रोड सहित कई प्रमुख इलाकों में निर्धारित समय पर बिजली बंद रहेगी। मेंटेनेंस के दौरान ट्रांसफार्मर, लाइनों और अन्य तकनीकी उपकरणों की मरम्मत की जाएगी, ताकि भविष्य में फॉल्ट और अचानक होने वाली बिजली समस्याओं को कम किया जा सके।

बिजली कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक अलग-अलग क्षेत्रों में कटौती का समय अलग रहेगा, जो सुबह से लेकर शाम तक 2 से 7 घंटे तक हो सकता है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ दुकानदारों और छोटे कारोबारियों को भी अस्थायी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

लोगों को सलाह दी गई है कि वे मोबाइल चार्जिंग, पानी की मोटर चलाने और अन्य जरूरी काम पहले ही पूरा कर लें। मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद संबंधित इलाकों में बिजली सप्लाई सामान्य कर दी जाएगी।

# डिजिटल होगी मध्य प्रदेश विधानसभा, बजट सत्र से विधायकों की मेज पर दिखेंगे टैबलेट

### NEVA परियोजना के तहत शुरू होगी नई व्यवस्था, कागज की खपत कम करने और कामकाज तेज करने की दिशा में बड़ा कदम




**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा अब डिजिटल युग की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही है। आगामी बजट सत्र से विधानसभा के भीतर विधायकों की मेज पर टैबलेट रखे जाएंगे, जिनके माध्यम से वे बजट और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज आसानी से देख सकेंगे। यह व्यवस्था राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (NEVA) परियोजना के तहत लागू की जा रही है, जिसका उद्देश्य विधानसभा की कार्यप्रणाली को पेपरलेस, तेज और अधिक पारदर्शी बनाना है।

विधानसभा अधिकारियों के अनुसार, इस नई व्यवस्था की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। विधायकों की मेज पर टैबलेट लगाने के लिए बिजली कनेक्शन और तकनीकी ढांचे का काम पूरा हो चुका है। बजट सत्र शुरू होते ही विधायकों को टैबलेट के जरिए बजट से जुड़े दस्तावेज, कार्यसूची और अन्य जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। शुरुआत में इनका उपयोग सीमित रूप से किया जाएगा, लेकिन आने वाले सत्रों में इसका व्यापक इस्तेमाल होगा।

अधिकारियों का कहना है कि सभी विधायकों को टैबलेट चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कई विधायक तकनीक से पूरी तरह परिचित नहीं हैं, इसलिए बजट सत्र के बाद विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि वे इस डिजिटल व्यवस्था का सहज रूप से उपयोग कर सकें। प्रशिक्षण के बाद विधानसभा की अधिकांश कार्यवाही डिजिटल माध्यम से संचालित करने की योजना है।

इस पहल का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि विधानसभा में कागज की खपत में काफी कमी आएगी। अब तक हर सत्र में हजारों पन्नों के दस्तावेज छापे जाते थे, जिनमें बजट, प्रश्नोत्तर, विधेयक और अन्य कार्यसूचियां शामिल होती थीं। टैबलेट के इस्तेमाल से यह सब डिजिटल रूप में उपलब्ध होगा, जिससे समय, पैसा और संसाधनों की बचत होगी और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

टैबलेट में कई आधुनिक सुविधाएं भी दी जा रही हैं। इसमें अधिकांश सामग्री हिंदी भाषा में उपलब्ध रहेगी और जरूरत पड़ने पर हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद की सुविधा भी होगी। इसके अलावा, सवालों और कार्यसूची को जल्दी खोजने के लिए सर्च ऑप्शन रहेगा। माइक्रोफोन की मदद से बोलकर भी जानकारी खोजी जा सकेगी, जिससे काम और आसान हो जाएगा। पासवर्ड के माध्यम से विधायकों को कहीं से भी हृश्वङ्क सॉफ्टवेयर एक्सेस करने की सुविधा मिलेगी।

देश के कई राज्यों में पहले ही ई-विधान प्रणाली लागू की जा चुकी है और वहां इससे कामकाज में तेजी आई है। मध्य प्रदेश में भी इस पहल को विधानसभा के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न केवल कामकाज अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी होगा, बल्कि तकनीक के उपयोग से निर्णय प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी बन सकेगी।

सरकार का मानना है कि डिजिटल व्यवस्था से विधायकों को जरूरी जानकारी तुरंत उपलब्ध होगी, जिससे वे सदन में बेहतर तरीके से अपनी बात रख सकेंगे। आने वाले समय में पूरी विधानसभा को पूरी तरह पेपरलेस बनाने की योजना है, और टैबलेट की शुरुआत इस दिशा में एक मजबूत और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

## भोपाल में आधी रात पुलिस का बड़ा एक्शन, ईरानी डेरे पर छापा; 408 आरोपी गिरफ्तार

### निशातपुरा की अमन कॉलोनी में 400 जवानों की कॉम्बिंग गश्त, वारंटी, इनामी बदमाश और जिलाबदर समेत कई अपराधी पकड़े गए



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात बड़ी कार्रवाई करते हुए निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित अमन कॉलोनी के कुख्यात ईरानी डेरे पर कॉम्बिंग गश्त की। पुलिस आयुक्त संजय कुमार के निर्देशन में करीब 400 पुलिसकर्मियों ने आधी रात दबिश देकर 408 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें स्थायी वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी वाले आरोपी, इनामी बदमाश, वाहन चोर, नकबजन और जिलाबदर शामिल हैं।

यह कार्रवाई ईरानी गिरोह के सरगना राजू ईरानी की गिरफ्तारी और उसके साथियों द्वारा फर्जी जमानतदारों के जरिए जमानत लेने के मामले के बाद की गई पहली बड़ी पुलिस कार्रवाई मानी जा रही है। पुलिस ने इस ऑपरेशन को बेहद गोपनीय रखा था, ताकि किसी भी आरोपी को भनक न लग सके। इसके लिए पुलिस लाइन से बड़े वाहनों की व्यवस्था की गई थी और जोन-4 के डीसीपी मयूर खंडेलवाल के नेतृत्व में पूरी टीम को देर रात अचानक मौके पर भेजा गया। आधी रात शुरू हुई इस कार्रवाई के दौरान अमन कॉलोनी में सन्नाटा पसरा हुआ था और अधिकांश आरोपी अपने घरों में सो रहे थे। पुलिस ने पूरे इलाके को चारों तरफ से घेरकर एक साथ दबिश दी और सुबह छह बजे से पहले पूरी कार्रवाई को अंजाम दे दिया। इस दौरान कुछ जगहों पर विरोध भी हुआ, लेकिन पुलिस की सख्त रणनीति के आगे किसी की नहीं चली।

जानकारी के अनुसार कॉम्बिंग गश्त के दौरान 283 स्थायी वारंटी और 125 गिरफ्तारी वारंटी वाले आरोपियों को पकड़ा गया। इसके अलावा 121 जमानतीय वारंट भी तामील किए गए। गंभीर मामलों में फरार चल रहे 21 अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया, जिनमें पूर्व वाहन चोर, नकबजन और जिलाबदर शामिल हैं।

इस बड़ी कार्रवाई में आठ ऐसे अपराधियों को भी पकड़ा गया, जिन पर अलग-अलग मामलों में इनाम घोषित था। ऐशबाग पुलिस ने गोवंश से जुड़े मामले में फरार पांच हजार के इनामी आरोपी मोहम्मद अमन (25) को गिरफ्तार किया, जबकि अशोका गार्डन पुलिस ने दो हजार रुपए के इनामी बदमाश को पकड़ा।

कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 66 निगरानी बदमाशों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ भी की। इस अभियान में 2 एडिशनल डीसीपी, 9 एसीपी, 20 थाना प्रभारी सहित करीब 400 जवान शामिल रहे। पुलिस ने पूरे ईरानी डेरे को घेरकर सघन तलाशी अभियान चलाया और कई संदिग्धों को पकड़ा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान सिर्फ अमन कॉलोनी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे शहर में एक साथ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिन लोगों के खिलाफ पुराने वारंट लंबित थे, उन्हें भी पकड़ने की कोशिश की गई।

फिलहाल, ईरानी डेरे से पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आयुक्त ने संकेत दिए हैं कि शहर में अपराधियों के खिलाफ इस तरह की कॉम्बिंग गश्त आगे भी जारी रहेगी, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और आम जनता को सुरक्षित माहौल मिल सके।

## बस कंडक्टर ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म किया, धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

### निशातपुरा थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी गिरफ्तार; पति को छोड़ साथ रहने लगी थी पीड़िता




**भोपाल।** राजधानी भोपाल के निशातपुरा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 26 वर्षीय आरोपी मासूम अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पेशे से बस कंडक्टर है और मिसरोद से निशातपुरा रूट पर चलने वाली बस में काम करता था।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता की आरोपी से मुलाकात साल 2024 में बस में सफर के दौरान हुई थी। महिला एक शॉपिंग मॉल में काम करती थी और रोजाना उसी बस से आना-जाना करती थी। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे जान-पहचान नजदीकियों में बदल गई। आरोपी ने खुद को भरोसेमंद बताकर महिला को अपने झांसे में ले लिया।

बताया जा रहा है कि आरोपी ने महिला से शादी का वादा किया और इसी भरोसे पर उससे शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी की बातों में आकर महिला अपने पति को छोड़कर उसके साथ रहने लगी। महिला का डेढ़ साल का एक बेटा भी है, जिसे लेकर वह आरोपी के साथ रहने लगी थी।

कुछ समय तक सब ठीक चलता रहा, लेकिन करीब दो माह पहले जब महिला ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी का व्यवहार बदल गया। आरोप है कि उसने शादी से पहले महिला के सामने धर्म परिवर्तन की शर्त रख दी। महिला ने अपना धर्म बदलने से साफ इनकार कर दिया, जिसके बाद आरोपी उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा।

पीड़िता ने परेशान होकर निशातपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी मनोज पटवा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, महिला ने अपने बयान में बताया कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण किया और बाद में धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया।

इस घटना के सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और पीड़िता के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पिछले कुछ समय से भोपाल में धर्म परिवर्तन से जुड़े मामलों को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी महिला के साथ जबरन संबंध बनाना या धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाना गंभीर अपराध है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## भोपाल में निजी कॉलेज के प्रोफेसर ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में बीमारी से परेशान होने का जिक्र



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के रातीबड़ इलाके में रहने वाले एक निजी कॉलेज के 32 वर्षीय प्रोफेसर ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अपने घर के कमरे में फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली।

बुधवार सुबह परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एसआई गब्बर सिंह के मुताबिक मृतक की पहचान 32 वर्षीय शैलेंद्र सिंह ठाकुर, निवासी गोल्डन सिटी, रातीबड़ के रूप में हुई है। वे मूल रूप से सीहोर जिले के आष्टा तहसील के गोपालपुर गांव के रहने वाले थे और पिछले छह महीनों से भोपाल में किराए पर रहकर रातीबड़ के ही एक निजी कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने बीमारी से परेशान होने की बात लिखते हुए जीवन समाप्त करने का निर्णय लेने का जिक्र किया है। नोट में उन्होंने अपने परिजनों के प्रति स्नेह व्यक्त करते हुए सभी को अपना ध्यान रखने और स्वस्थ रहने की बात कही है।

हालांकि, परिजनों का कहना है कि उन्हें किसी गंभीर बीमारी की जानकारी नहीं थी। पुलिस के अनुसार, वे पिछले कुछ समय से मौसमी बीमारियों—जैसे सर्दी-जुकाम—से जल्दी प्रभावित हो जाते थे और इसके बाद होने वाली कमजोरी से चिंतित रहते थे। पुलिस ने यह भी बताया कि उनकी पत्नी पिछले एक वर्ष से बच्चेदानी के कैंसर का इलाज करा रही हैं और फिलहाल अपने मायके में रह रही हैं। इस पारिवारिक स्थिति को लेकर भी वे मानसिक तनाव में थे। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## रायसेन में तेंदुए ने भोपाल-विदिशा बायपास पर रोका ट्रैफिक, वाहन की टक्कर के बाद कुछ देर सड़क पर बैठा रहा

### वन विभाग ने चलाया सर्च अभियान

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में भोपाल-विदिशा बायपास पर मंगलवार रात करीब 9ः30 बजे एक तेंदुआ दिखाई देने से कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हो गया। बताया जा रहा है कि सड़क पार करते समय किसी वाहन की टक्कर लगने से तेंदुआ असहज हो गया और कुछ देर तक सड़क पर ही बैठा रहा।

घटना के दौरान वहां से गुजर रहे लोगों ने तेंदुए का वीडियो बनाया। वीडियो में तेंदुआ सड़क पर लेटा नजर आ रहा है, जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद वह कुछ देर तक सुस्त अवस्था में रहा, फिर उठकर पास के जंगल की ओर चला गया।



### वन विभाग ने देर रात तक की तलाश

सूचना मिलते ही वन मंडलाधिकारी (डीएफओ) प्रतिभा शुक्ला और एसडीओ सुधीर पटले अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि, तब तक तेंदुआ जंगल की ओर जा चुका था। वन विभाग की टीम ने रात करीब 1 बजे तक आसपास के क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।

### बुधवार सुबह फिर शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन

डीएफओ के निर्देश पर बायपास से लगे नरापुरा, गौशाला और आसपास के इलाकों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई। बुधवार सुबह से वन विभाग ने दोबारा जंगल और आसपास के क्षेत्रों में तलाश शुरू की है। एसडीओ सुधीर पटले ने बताया कि तेंदुए को संभवतः सड़क पार करते समय वाहन ने टक्कर मारी थी, जिससे वह कुछ देर के लिए असंतुलित हो गया। फिलहाल उसकी स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है।

## मध्य प्रदेश में दिन गर्म, रातें अभी भी ठंडी, भोपाल-इंदौर सहित 15 शहरों में पारा 30 डिग्री के पार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। दिन के समय गर्मी का असर बढ़ रहा है, जबकि रातें अब भी सर्द बनी हुई हैं। मंगलवार को भोपाल, इंदौर सहित प्रदेश के 15 शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। वहीं, रात के तापमान की बात करें तो 11 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। दो दिन बाद दिन और रात दोनों के तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक देश में फिलहाल दो मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं, लेकिन इनके कमजोर होने के कारण बारिश की संभावना बेहद कम है। इसके अलावा 13 और 16 फरवरी के आसपास नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिसका असर मध्य प्रदेश में भी दिखेगा। इसके चलते दिन और रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने की संभावना है।



मंगलवार को भोपाल, इंदौर, दमोह, खजुराहो, मंडला, सागर, टीकमगढ़, बैतूल, गुना, धार, खंडवा, खरगोन, रायसेन और रतलाम सहित 15 शहरों में तापमान 30 डिग्री से अधिक रहा। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 33 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं, मंगलवार की रात शहडोल जिले के कल्याणपुर में सबसे ज्यादा ठंड रही, जहां न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कटनी के करौंदी में 5.9 डिग्री, अनूपपुर के अमरकंटक में 7.8 डिग्री, खजुराहो में 8.2 डिग्री, पचमढ़ी और उमरिया में 8.4 डिग्री, रीवा में 8.5 डिग्री, शिवपुरी में 9 डिग्री, मंडला में 9.1 डिग्री, दतिया में 9.5 डिग्री और नौगांव में 9.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

मौसम विभाग का कहना है कि इस समय एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश के चलते अगले दो दिनों तक प्रदेश में तापमान बढ़ सकता है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन सहित अधिकांश क्षेत्रों में मंगलवार को तेज धूप रही, जिससे दिन का तापमान बढ़ा, हालांकि रात और सुबह के समय ठंड बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सिस्टम के गुजरने और पहाड़ों में जमी बर्फ के पिघलने के बाद मौसम में फिर बदलाव आएगा। 13, 14 और 15 फरवरी को तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और ठंड का असर दोबारा बढ़ेगा। उत्तर से चलने वाली ठंडी हवाएं भी महसूस की जाएंगी।

संपादकीय

# अमेरिका की 74 फ़ीसद आबादी पर रोज़ी-रोटी का संकट

**पूंजीवादी** देश अमेरिका जो दुनिया के देशों को समृद्धि और लोकतंत्र का पाठ पढ़ाता है वह अपने ही नागरिकों को दो टाइम का भोजन नहीं दे पा रहा है। अमेरिका का मध्यम वर्ग गरीब हो रहा है। सारी दुनिया में अमेरिका की जो तस्वीर दिखाई जाती है, ठीक उसके विपरीत हालिया सर्वे मे एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने अमेरिका की कलई खोल कर रख दी है। आमतौर पर चमकदार इमारतों, शेयर बाज़ार और वैश्विक ताक़त की आड़ में अमेरिका अपनी वास्तविकता को छिपा देता है। सर्वे के अनुसार अमेरिका की करीब 74 प्रतिशत आबादी रोज़ी-रोटी के गंभीर संकट से जूझ रही है। यह संकट केवल गरीबों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मिडिल क्लास और युवा वर्ग पर इसकी सबसे बड़ी मार पड़ी है। अमेरिका में हालात ये हैं, लोग बिजली, गैस, पानी जैसी बुनियादी जरूरत के मासिक बिल तक अदा नहीं कर पा रहे हैं। किराना, किराया और स्वास्थ्य खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सर्वे के अनुसार 10 में से 9 अमेरिकी मानते हैं, पूरा अमेरिका 'कॉस्ट ऑफ लिविंग क्राइसिस' में फंस गया है। सर्वे में 10 में से 8 लोगों ने माना है, पिछले एक साल में महंगाई तेजी के साथ बढ़ी है। जिसके कारण उनका नियमित जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। पिछले 1 साल में जिस तरह से सरकार की नीतियां हैं, उसने आम आदमी का जीवन दूभर कर दिया है। सबसे चिंताजनक स्थिति अमेरिका मे युवाओं की है। महंगाई और बेरोजगारी के चलते युवा वर्ग में गुस्सा, असंतोष और निराशा तेज़ी से बढ़ती जा रही है। अमेरिका का मध्यम वर्ग टैक्स रिफंड से जो राशि मिलती थी उसका उपयोग छुट्टियों, मनोरंजन या खरीदारी के लिए करता था। अब टैक्स रिफंड से जो राशि मिलती है, उसका उपयोग पेट भरने और कर्ज़ चुकाने के लिए करना पड़ रहा है। सर्वे के अनुसार 73 प्रतिशत लोगों ने माना है, टैक्स रिफंड अब जीवन यापन के लिए ज़्यादा ज़रूरी हो गया है। 60 प्रतिशत लोगों ने रिफंड जल्दी देने की बात कही है। टैक्स रिफंड में देरी होने से खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है। जेन-जी के लिए यह संकट और भी गहरा है। करीब 74 प्रतिशत युवा रिफंड नहीं मिलने पर आपात ज़रूरतें भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अमेरिका के इस आर्थिक दबाव का सीधा असर सभी वर्गों पर देखने को मिल रहा है। अमेरिका से आंतरिक पलायन शुरू हो गया है। लोग एक शहर से दूसरे शहर, एक राज्य से दूसरे राज्य यहां तक कि यूरोपीय देशों में भाग रहे हैं। जहां वह वर्षों से रह रहे थे, वहां अब उनका गुज़ारा संभव नहीं हो पा रहा। सर्वे बताता है कि जेन-जी के लगभग 50 प्रतिशत युवा तथा कुल आबादी के 38 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक आर्थिक कारणों से ठिकाना बदल चुके हैं। यह पलायन की स्थिति उन्हें जड़ों से काटने की प्रक्रिया मानी जा रही है। विडंबना यह है, जिन राज्यों को 'अफोर्डेबल अमेरिका' कहा जाता है, उनमे मिसिसिपी, अलबामा और ओक्लाहोमा के 60 प्रतिशत लोग मानते हैं। वह किसी तरह से अपना खर्च चला पा रहे हैं। अमेरिका के सबसे सस्ते राज्यों की बड़ी आबादी आर्थिक संकट से जूझ रही है। यह स्थिति इस बात का सूचक है कि अमेरिका गहरे आर्थिक संकट में फंस गया है। पिछले एक साल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जिस तरह के निर्णय लिए जा रहे हैं, उसके बाद अमेरिका में बदहाली बढ़ती जा रही है। इसका असर सामाजिक स्तर पर बड़े पैमाने पर दिखने लगा है। युवाओं को अपना भविष्य अंधकार में दिख रहा है। इससे उनमें गुस्सा, नशा और सामाजिक तनाव बढ़ रहा है। अमेरिका में युवाओं की बहुत बड़ी संख्या अब अपराध की ओर भी जाती हुई दिख रही है। यह वही अमेरिका है, जहां सड़कों पर समृद्धि दिखती है। पूंजीवादियों के ऐशो आराम और अय्याशी को देखकर लगता है, अमेरिका बहुत धनवान है। अमेरिका में रहने वाले लोग बहुत प्रसन्न हैं, लेकिन अमेरिका की स्थिति ठीक इसके विपरीत है। नागरिकों के मन में असुरक्षा और भय पनप रहा है। अमेरिका एक ऐसे मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है, जहां उसकी चमकदार छवि और ज़मीनी हकीकत के बीच की खाई गहरी होती जा रही है। अमेरिका में 74 प्रतिशत आबादी के सामने रोज़ी-रोटी का संकट होना अमेरिका के लिए गंभीर चेतावनी है। अमेरिका खुद को दुनिया का नेतृत्वकर्ता मानता है, लेकिन अमेरिका लगातार कर्ज के संकट में फंसता चला जा रहा है। सारी दुनिया में दादागिरी करने के चक्कर में लगातार अपने ही बनाए गए मकड जाल में फंसता जा रहा है। जिसके कारण अब अमेरिका को हर तरफ से चुनौती मिल रही है।

यह अमेरिका के उस आर्थिक मॉडल की कहानी है। जो अपने फायदे के लिए किसी भी स्तर तक जाकर अपनी दादागिरी कायम रखना चाहता है। लेकिन अब यही दादागिरी अमेरिका के अस्तित्व के लिए संकट बन गया है। गलत नीतियों के कारण जिस तरह से सोवियत रूस का विघटन हुआ था लगभग वही स्थिति अब अमेरिका की होती हुई दिख रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से गरीबों और मध्यम वर्ग को उनके हाल पर छोड़ दिया है। जिस तरह से अमेरिका में अपराध बढ़ रहे हैं। अमेरिका की सरकार पर बढ़ता कर्ज अब अमेरिका के ऊपर भारी पड़ने लगा है। रही सही कसर डॉलर का जो वैश्विक अस्तित्व था अब उसे चुनौती मिल रही है। जिसके कारण आने वाले समय में अमेरिका विघटन की ओर बढ़ रहा है। अमेरिकी पूंजीवादी व्यवस्था को वैश्विक चुनौती मिलना शुरू हो गई है। विश्व में अमेरिका अलग-थलग पड़ता चला जा रहा है। अमेरिका में जिस तरह की स्थितियां बन गई हैं। उससे पूंजीवाद के खिलाफ आंतरिक विद्रोह की संभावना बढ़ती चली जा रही है। अमेरिका का यह संकट सारी दुनिया के देशों को एक सबक के रूप में देखना होगा। वैश्विक व्यापार संधि लागू होने के बाद जिस तरह से कर्ज की अर्थव्यवस्था के सहारे दुनिया के देशों ने चलना शुरू किया था, अब कर्ज की जगह बचत ही एकमात्र सहारा होगा। यह सबक तो लिया ही जा सकता है।

**- सनत जैन**

# लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास !



डॉ श्रीगोपाल नारसन

विपक्ष के 128 लोकसभा सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने के लिए एक नोटिस लोकसभा महासचिव को सौंप दिया है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बताया कि उन्होंने नियम 94सी के तहत लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है।

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 'बोलने की इजाजत नहीं देने ', साथ ही कांग्रेस की महिला सांसदों पर सदन में अनुचित स्थिति पैदा करने के आरोपों पर विपक्ष अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए यह प्रस्ताव लाया है।लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सांसद मोहम्मद जावेद तथा अन्य कई सांसद नोटिस सौंपने वालो में शामिल है।लोकसभा की प्रक्रिया और आचरण के मानदंडों के नियम 198 के अनुसार, विपक्ष को लोकसभा में मतदान से पहले अविश्वास प्रस्ताव के अपने अनुरोध के लिए औचित्य प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है।अविश्वास प्रस्ताव की पूरी प्रक्रिया लोकसभा की प्रक्रिया व कार्य संचालन प्रणाली के नियम 198 (1) से नियम 198 (5) तक के तहत पूरी की जाती है।इस प्रक्रिया के तहत नियम 198 (1) (क) के तहत अविश्वास प्रस्ताव पेश करने वाले सांसद को पहले स्पीकर के जरिये सदन की अनुमति लेनी पड़ती है।सदन की अनुमति के लिए नियम 198 (1) (ख) के मुताबिक, प्रस्ताव की जानकारी सुबह 10 बजे से पहले लोकसभा के महासचिव को देनी पड़ती है।नियम 198 (2) के तहत प्रस्ताव के साथ सांसद को 50 सांसदों के समर्थन वाले हस्ताक्षर दिखाने होते हैं।नियम 198 (3) के तहत लोकसभा अध्यक्ष से प्रस्ताव को अनुमति मिलने के बाद उस पर चर्चा का दिन तय होता है। चर्चा प्रस्ताव पेश होने के 10 दिन के अंदर करानी होती है।नियम 198 (4) के तहत अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के अंतिम दिन लोकसभाध्यक्ष वोटिंग कराते हैं और उस आधार पर फैसला होता है।नियम 198(5) के तहत लोकसभा अध्यक्ष को टिप्पणी के लिए समय सीमा निर्धारित करने का अधिकार है। यदि प्रस्ताव सदन द्वारा अनुमोदित हो जाता है तो सरकार को इस्तीफा देना पड़ता है ।अब तक लोक सभा में 27 बार अविश्वास प्रस्ताव रखे जा चुके हैं।लोक सभा में सबसे पहला अविश्वास प्रस्ताव अगस्त 1963 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार के खिलाफ जे बी कृपलानी ने पेश किया था। लेकिन विपक्ष सरकार गिराने में नाकाम हो गया था, क्योंकि इस प्रस्ताव के पक्ष में केवल 62 वोट पड़े और विरोध में 347 वोट पड़े थे।लेकिन सन 1978 में लाये गए अविश्वास प्रस्ताव ने मोरारजी देसाई सरकार को गिरा दिया था।अब तक सबसे ज्यादा 4 बार अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का रिकॉर्ड माकपा सांसद ज्योतिर्मय बसु के नाम है। उन्होंने अपने चारों प्रस्ताव इंदिरा गांधी सरकार के खिलाफ रखे थे।सबसे ज्यादा अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने वाली भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार रही है। इंदिरा गांधी सरकार के खिलाफ 15 अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गये थे।इसके अलावा पी? वी? नरसिम्हा राव और लाल बहादुर शास्त्री की सरकारों ने तीन-तीन बार अविश्वास प्रस्ताव का सामना किया था।पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार इंदिरा गाँधी सरकार और दूसरी बार पी? वी? नरसिम्हा राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था ।संयोग की बात है कि अटल सरकार के खिलाफ भी दो बार सन1996 व सन1998 अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था और वे दोनों बार हार गये थे।सन 2018 में नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था,लेकिन यह प्रस्ताव गिर गया था। लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला पर आरोप हैं कि वो विपक्ष के साथ भेदभाव करते हैं और सांसदों को बोलने का मौका कम देते हैं।हालांकि ये पहली बार नहीं है, जब किसी लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा हो। संसद के इतिहास में कई बार ऐसा हो चुका है।

अविश्वास प्रस्ताव भारतीय संसदीय परंपरा का ही एक हिस्सा है। जब भी विपक्ष को सरकार या फिर लोकसभाध्यक्ष पर भरोसा नहीं होता है तो उन्हें हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है। लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के तहत लाया जाता है, इसे मोशन ऑफ रिमूवल कहा जाता है।इसके तहत लोकसभा के अध्यक्ष को हटाया जा सकता है। वोटिंग में बहुमत मिलने पर अध्यक्ष को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।भारतीय संसद के इतिहास में पहली बार सन1954 में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। लोकसभा के पहले अध्यक्ष मावलंकर के खिलाफ ये प्रस्ताव लाया गया था। सोशलिस्ट पार्टी के नेता विग्नेश्वर मिसिर ये प्रस्ताव लाए थे।इस प्रस्ताव पर करीब दो घंटे तक चर्चा हुई थी, हालांकि बाद में उसे खारिज कर दिया गया। इस प्रस्ताव को जवाहर लाल नेहरू ने सदन की गरिमा का सवाल बताया था। सन1954 के बाद लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ दूसरा प्रस्ताव सन 1966 में लाया गया।लोकसभा अध्यक्ष सरदार हुकम सिंह के खिलाफ ये प्रस्ताव था।वहीं तीसरी बार सन1987 में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, ये प्रस्ताव तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के खिलाफ लाया गया था।पिछले तमाम प्रस्तावों की तरह ये अविश्वास प्रस्ताव भी खारिज हो गया था।अब देखना यह है कि यह अविश्वास प्रस्ताव कितना चल पाता है।

# दीनदयाल उपाध्याय : राष्ट्रवादी चिंतक और सजग पत्रकार



हर्षवर्धन पान्डे

पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक भारतीय विचारक, अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री,लेखक, पत्रकार, संपादक थे। भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी एक दौर में रहे। ब्रिटिश शासन के दौरान इन्होंने भारत द्वारा पश्चिमी धर्म निरपेक्षता का विरोध किया। उन्होनें लोकतंत्र की अवधारणा को सरलता से स्वीकार किया लेकिन पश्चिमी कुलीनतंत्र, शोषण और पूंजीवादी मानने से साफ़ इंकार कर दिया। पंडित जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन जनता की सेवा में लगा दिया। भारतीय पत्रकारिता ने सदैव राष्ट्रवाद को पल्लवित करने का निर्वहन किया है। पत्रकारिता में राष्ट्रवादी स्वर को गति देने वाले पत्रकारों में पं. दीनदयाल उपाध्याय का नाम आदर के साथ लिया जाता है। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान अनेक नेताओं ने पत्रकारिता के प्रभावों का उपयोग अपने देश को स्वतंत्रता दिलाकर राष्ट्र के पुनर्निमाण के लिए किया। विशेषकर हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषायी पत्रकारों में खोजने पर भी ऐसा सम्पादक शायद ही मिले

**11 फरवरी पुण्यतिथि पर विशेष**



जिसने अर्थोपार्जन के लिए पत्रकारिता का अवलम्बन किया हो। दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर, 1916, नगला चन्द्रभान, मथुरा, उत्तर प्रदेश में एक मध्यम वर्गीय प्रतिष्ठित हिंदू परिवार में हुआ था। उनके परदादा का नाम पंडित हरिराम उपाध्याय था, जो एक प्रख्यात ज्योतिषी थे। उनके पिता का नाम श्री भगवती प्रसाद उपाध्याय तथा मां का नाम रामप्यारी था। उनके पिता जलेसर में सहायक स्टेशन मास्टर के रूप में कार्यरत थे। दीनदयाल ने कम उम्र में ही अनेक उतार-चढ़ाव देखा, परंतु अपने दृढ़ निश्चय से जिन्दगी में आगे बढ़े। उन्होंने सीकर से हाईस्कूल की परीक्षा पास की जन्म से बुद्धिमान और उज्ज्वल प्रतिभा के धनी दीनदयाल को स्कूल और कालेज में अध्ययन के दौरान कई स्वर्ण पदक और प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए। दीनदयाल इण्टरमीडिएट की पढ़ाई के लिए 1935 में पिलानी चले गए। 1937 में इण्टरमीडिएट बोर्ड के परीक्षा में बैठे और न केवल समस्त बोर्ड में सर्वप्रथम रहे वरन सब विषयों में विशेष योग्यता के अंक प्राप्त किए। बिडला कॉलेज का यह प्रथम छात्र था, जिसने इतने सम्मानजनक अंको से परीक्षा पास की थी। सीकर महाराजा के समान ही घनश्याम दास बिड़ला ने एक स्वर्ण पदक, 10रू मासिक छात्रवृत्ति तथा पुस्तकों आदि के खर्च के लिए 250 रू प्रदान किए। सन 1939 में सनातन धर्म कॉलेज, कानपुर से प्रथम श्रेणी में बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की। एम.ए. अंग्रेजी साहित्य में करने के लिए सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा में प्रवेश लिया। इसके पश्चात उन्होंने सिविल सेवा की परीक्षा पास की लेकिन आम जनता की सेवा की खातिर उन्होंने इसका परित्याग कर दिया। दीनदयाल उपाध्याय की पत्रकारिता में भी अग्रणी भूमिका रही है। अपने राष्ट्रवाद के विचारों को जनमानस तक प्रेषित करने के लिए दीनदयाल उपाध्याय ने पत्रकारिता को माध्यम बनाया था। पत्रकारिता किस प्रकार से जनमत निर्माण करने में सहायक होती है, यह दीनदयाल जी ने बखूबी समझा था।

## सुविचार

यदि आप बार-बार शिकायत नहीं करते हैं तो आप किसी भी कठिनाई को दूर कर सकते है। **- बर्नार्ड एम. बारुच**

दीपक के प्रकाश की तरह अच्छे काम की ख्याति भी चारों और फैलती है

**- विलियम शेक्सपियर**

## प्रसंग

### सेवा और धर्म

एक बार इब्राहिम एक काफिले के साथ तीर्थयात्रा पर जा रहे थे। काफिले में दर्जनों यात्री थे। बीच रास्ते म काफिले का एक अनजान व्यक्ति बीमार पड़ गया। इब्राहिम उसे जानते नहीं थे मगर उसे बीमार देखकर तत्काल उसकी सेवा करने लगे। इब्राहिम की सारी जमा पूंजी खर्च हो गई पर वह व्यक्ति ठीक नहीं हुआ। एक दिन वह बेहोश हो गया। उसकी हालत देख कर इब्राहिम घबरा गए। उनके पास एक पैसा नहीं था और वे उसे लावारिस छोड़ कर जाना भी नहीं चाहते थे। उन्हें जब कुछ और नहीं सूझा तो उन्होंने उसका खच्चर बेच दिया और उस पैसे से उसकी दवाई और खाने-पीने की व्यवस्था की। एक-दो दिन में उसे होश आया। इब्राहिम ने उससे कहा, 'भाई, माफ करना। तुम्हारी बेहोशी की हालत में मैंने तुम्हारा खच्चर बेच दिया और उस पैसे से तुम्हारी दवाई और खाने-पीने की व्यवस्था की।' वह यात्री रोने लगा। बोला, 'मैं बहुत कमजोर हो गया हूं। खच्चर के बिना मैं आगे कैसे जाऊंगा। मुझसे तो अब एक कदम नहीं चला जा रहा है।' इब्राहिम बोले, 'तुम चिंता क्यों करते हो भाई। मैं तुम्हारे साथ हूं और तब तक रहूंगा जब तक तुम्हें मंजिल तक पहुंचा नहीं देता।' उसने पूछा, 'मगर तुम करोगे क्या। तुम्हारे पास तो खच्चर भी नहीं है।' इब्राहिम ने कहा, 'चिंता मत करो।' उस दिन से इब्राहिम उसे अपने कंधे पर बैठा कर ले जाने लगे। एक दिन काफिले के एक आदमी ने पूछा, 'इब्राहिम, यह तुम्हारा कौन लगता है जो तुम इसकी इतनी सेवा कर रहे हो।' इब्राहिम ने कहा, 'यह मेरा कोई नहीं है। यह भी आप ही की तरह काफिले का एक सहयात्री है। उसे बीमारी की हालत में मैं अकेला छोड़कर नहीं जा सकता।

## जरा हटके

### ह्यूमनॉइड रोबॉट अब व्यावसायिक रूप से लॉन्च करने की तैयारी



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** स्वदेशी रोबोटिक्स कंपनी एडवर्ब टेक्नोलॉजीज ने भारत में बने पहियों वाला ह्यूमनॉइड रोबॉट व्यावसायिक रूप से लॉन्च करने की तैयारी की है। रोबॉट पहले भारत में उतारा जाएगा, फिर वैश्विक बाजारों में। इस रोबोट की कीमत यूरोप और जापान की प्रतिस्पर्धी कंपनियों के रोबॉट से कम होगी, लेकिन चीन की तुलना में अधिक होगी।

कंपनी की कीमत रणनीति के बारे में एडवर्ब के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संगीत कुमार ने कहा, 'चीन का एक अच्छा ह्यूमनॉइड रोबॉट लगभग 50-75 लाख रुपये में उपलब्ध है जबकि यूरोप और जापान के रोबॉट की कीमत लगभग 1 से 1.5 करोड़ रुपये के बीच है। हम अपनी कीमत इन दोनों के बीच रखने की योजना बना रहे हैं। इस रोबॉट को बनाने में डेढ़ साल लगा।' चीन की तुलना में अधिक कीमत को सही ठहराते हुए कुमार ने कहा कि केवल कीमत ही औद्योगिक खरीद से जुड़े फैसले को प्रभावित नहीं करती है। उन्होंने कहा, 'सबसे अहम बात यह है कि 20 साल के जीवन वाले उत्पाद में सेवा और भरोसे का आश्वासन होना चाहिए। ऐसी कई रिपोर्ट आई हैं कि चीन के रोबॉट डेटा एकत्र कर रहे हैं और उन्हें चीन में सर्वरों को भेज रहे हैं। हम अधिक कीमत लेंगे क्योंकि हम दुनिया के लिए आपूर्ति का भरोसेमंद स्रोत हैं।'

उन्होंने कहा कि एडवर्ब जापान और यूरोप के कलपुर्जों का उपयोग करता है, जिन्हें चीन के पुर्जों की तुलना में अधिक विश्वसनीय माना जाता है। चीनी पुर्जे अधिकांशतः चीन में ही बनाए जाते हैं। कुमार ने हाल ही में घोषित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का भी जिक्र किया जिसके तहत भारतीय निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ को 50 से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चीन के सामान पर आयात शुल्क 31 प्रतिशत बना हुआ है, जिससे भारतीय निर्माताओं को प्रतिस्पर्धा की बढ़त मिलती है। एडवर्ब की योजना पहले वर्ष में 100 ह्यूमनॉइड रोबॉट बनाने की है ताकि पांच से छह प्रमुख घरेलू ग्राहकों के साथ मांग का परीक्षण किया जा सके। दूसरे वर्ष में उत्पादन 500 यूनिट और तीसरे वर्ष में 2,000 यूनिट तक बढ़ने की उम्मीद है।

## फोटो ऑफ द डे



इजरायल में लोग राष्ट्रपति इसाक हरजोग के ऑस्ट्रेलिया दौरे का विरोध करते हुए। ऑस्ट्रेलिया में यहूदी धर्म के त्यौहार हनुखा के दौरान बोंडी बीच पर एक हमलावर ने कई लोगों को गोली मार दी थी।

## राज काज

### मोदी डरे हुए हैं, ट्रम्प से डील

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है, प्रधानमंत्री डरे हुए हैं।अडानी के ऊपर अमेरिका में कैस है।अडानी को बचाने के लिए मोदी ने अमेरिका के साथ डील कर देश को बेच दिया है। किसानों के साथ धोखा किया है। यह सब इसलिए हो रहा है, प्रधानमंत्री कंप्रोमाइज कर रहे हैं।ऐसा लगता है, विपक्ष आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है। वह सरकार से डर नहीं रहा उल्टा सरकार को डरा रहा है।

### सत्ता में चढ़ने की सीढ़ी हटाई भाजपा ने

लोकसभा और राज्यसभा में जब भाजपा विपक्ष में थी। तब अखबारों में छपी खबरों, विदेशी रेडियो और किताबों को लेकर सदन में कांग्रेस को घेरती रही। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को इन्होंने चैन नहीं लेने दिया था। इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित खबरों पर सदन मे हंगामा मचाया। जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है।उसके बाद से विपक्ष को सदन में बोलने से रोकने के लिए संसद मे नियम 349 का हवाला देकर बोलने नहीं दिया जा रहा है। मजबूरन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को कहना पड़ा।मुझे क्या बोलना है,यह अध्यक्ष महोदय बता दें। भाजपा जानती है,आरोपों की सीढ़ी लगाकर मोदी सरकार सत्ता की कुर्सी में बैठी है। मोदी सरकार वह सीढी हटा ली है,जिसके जरिए वह चढ़ी थी। इसलिए अब नेता प्रतिपक्ष को भी बोलने का मौका नहीं मिल रहा है।

### मणिपुर में बनी भाजपा की सरकार

राष्ट्रपति शासन के 1 साल पूरे होने के पहले ही भाजपा ने सरकार का गठन कर लिया है। मणिपुर में मैतई समुदाय के खेमचंद सिंह को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई है। वहीं दो उप मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। जिसमें एक कुकी समुदाय से तथा एक महिला को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन खत्म होने जा रहा था। उसके पहले सरकार की शपथ हो जाने से मणिपुर में मैतई और कुकी समुदाय के बीच समन्वय बनेगा। यह संभावना व्यक्त की जा रही है।

## व्यंग्य

# इज़्ज़त का फ़ालूदा

**महेशचन्द्र द्विवेदी**

'रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून
पानी बिना न ऊबरे, मोती, मानुस, चून। '

यहाँ मानुस के संदर्भ में 'पानी' शब्द से रहीम का आशय इज़्ज़त से है। पर हम 'पानी' रखें कैसे? कभी-कभी हम बिना कारण के अपनी इज़्ज़त का फ़ालूदा बन जाना मानकर दुखी हो जाते हैं और कभी बिना कारण दूसरों की इज़्ज़त का फ़ालूदा बना देते हैं। हमने स्वयं अपनी इज़्ज़त को इतना छोटा मान रखा है कि हमें इज़्ज़त चली जाने का ख़तरा सदैव लगा रहता है। दूसरे हमने अपने मन में इज़्ज़त चली जाने के इतने कारण मान रखे हैं कि ज़रा सी ऊँच-नीच होते ही इज़्ज़त खिसकती लगने लगती है।

जहाँ तक इज़्ज़त के आने की बात है, तो यह कुछ विरासत में मिलती है और कुछ कमाई जाती है। विरासती इज़्ज़त पूर्वजों के द्वारा आप के लिये छोड़ी ज़मीन-जायदाद एवं यश के अनुपात में मिलती है। कमाई हुई इज़्ज़त आप द्वारा अर्जित पैसा, पद और प्रतिष्ठा पर निर्भर करती है। यह ज़रूरी नहीं होता है कि ये सत्यनिष्ठा से कमाये जायें। इनको कमाने में बेईमानी और फ़रेब का इस्तेमाल तब तक स्वीकार्य माना जाता है, जब तक ऐसा करते हुए आप पकड़े न जायें। हमने इज़्ज़त गँवाने के अनेक और अनोखे रास्ते बना रखे हैं। यह आवश्यक नहीं है कि इज़्ज़त गँवाने वाले का उसमें कोई योगदान, संलिप्तता या दोष हो। अधिकांश प्रकरणों में इज़्ज़त केवल निर्बल की ही जाती है, चाहे वह स्वयं पीड़ित पक्ष हो।

इज़्ज़त का परिमाण भी होता है जिसे इंगित करने के लिये हमने अनेक प्रकार के मुहावरे बना रखे हैं। थोड़ी सी इज़्ज़त चली जाने से लेकर पूरी इज़्ज़त चली जाने के क्रम को कतिपय मुहावरों द्वारा अभिव्यक्त किया जाता है-

हेठी हो जाना- यदि नेता के भाषण में बोला गया सफ़ेद झूठ उजागर हो जाय, तो नेता की हेठी हो जाती है। परंतु नेता यदि चतुर हुआ, तो उससे बड़ा झूठ बोलकर उस हेठी को विपक्ष पर उलट देता है

इज़्ज़त पर बट्टा लगना- यदि दुकानदार घी में चर्बी मिलाकर बेचता हुआ पकड़ा जाय, तो उसकी इज़्ज़त पर बट्टा लग जाता है। यदि वह पकड़ने वाले इंस्पेक्टर को येन-केन-प्रकारेण मना कर छूट जाये, तो यह बट्टा ऐसे छूट जाता है जैसे घड़ी डिटर्जेंट से ज़िद्दी दाग़।

दो टके की हो जाना- यदि किसी धनी व्यक्ति के बेटे के विवाह में उसके स्तर से कम दहेज़ मिले, तो उसकी इज़्ज़त दो टके की हो जाती है। इसलिये अपनी इज़्ज़त के प्रति सतर्क लड़के वाले दहेज़ का प्रदर्शन करते समय उसमें अपनी ओर से धन-सम्पत्ति मिला देते हैं।

पगड़ी उछल जाना- यदि किसी व्यक्ति की समाज में प्रतिष्ठा हो, और कोई गुंडा उसके सरेआम दो जूते मार दे, तो उसकी पगड़ी उछल जाती है। दूसरी ओर उस गुंडे का रुतबा जनसामान्य में बढ़ जाता है।

नाक कट जाना- यदि थानेदार का लड़का चपरासी का काम कर जीविकोपार्जन करे, तो थानेदार की नाक कट जाती है। यदि थानेदार और चोरों के बीच दलाली करे, तो नाक ऊँची हो जाती है।

## चिंतन-मनन

# दुखी चित्त के लक्षण हैं उत्सव

दुनिया में दो ही तरह के लोग हैं- एक वे जो अपने को नया करने का राज खोज लेते हैं, और एक वे जो अपने को पुराना बनाए रखते हैं और चीजों को नया करने में लगे रहते हैं। भौतिकवादी और आध्यात्मवादी में एक ही फर्क है। आध्यात्मवादी रोज अपने को नया करने की चिंता में संलग्न है। क्योंकि उसका कहना यह है कि अगर मैं नया हो गया तो इस जगत में मेरे लिए कुछ भी पुराना न रह जाएगा। क्योंकि जब मैं ही नया हो गया तो पुराने का स्मरण करने वाला भी न बचा, पुराने को देखने वाला भी न बचा, हर चीज नई हो जाएगी। और भौतिकवादी कहता है कि चीजें नई करो, क्योंकि स्वयं के नए होने का तो कोई उपाय नहीं है। नया मकान बनाओ, नई सड़कें लाओ, नए कारखाने, नई सारी व्यवस्था करो। उत्सव हमारे दुखी चित्त के लक्षण हैं। चित्त दुखी है वर्ष भर, एकाध दिन हम उत्सव मना कर खुश हो लेते हैं। वह खुशी बिल्कुल थोपी गई होती है।

क्योंकि कोई दिन किसी को कैसे खुश कर सकता है? दिन! अगर कल आप उदास थे और कल मैं उदास था, तो आज दिवाली हो जाए तो मैं खुश कैसे हो जाऊंगा? हां, खुशी का भ्रम पैदा करुंगा। दीये, पटाके, फुलझड़ियां और रोशनी धोखा पैदा करेंगी कि आदमी खुश हो गया। लेकिन ध्यान रहे, जब तक दुनिया में दुखी आदमी हैं, तभी तक दिवाली है।

## स्वास्थ्य

# प्राकृतिक दिनचर्या अपनाना सेहत के लिए बेहद लाभकारी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में प्राकृतिक दिनचर्या अपनाना शरीर और मन दोनों के लिए बेहद लाभकारी साबित होता है। यह कोई कठिन नियमों वाला तरीका नहीं है, बल्कि प्रकृति की लय और शरीर की आवश्यकताओं के अनुरूप जीवन जीने का सरल तरीका है। प्राकृतिक दिनचर्या की शुरुआत सुबह से होती है। सूरज उगने से पहले उठना तन और मन के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इस समय वातावरण शांत और स्वच्छ होता है, जिससे मन एकाग्र रहता है। सुबह टहलना, योग, प्राणायाम या ध्यान करना पूरे दिन के लिए ऊर्जा और सकारात्मकता प्रदान करता है। यह समय खुद से जुड़ने और दिन की योजनाओं को व्यवस्थित करने के लिए भी सर्वोत्तम होता है। शरीर की प्राकृतिक जरूरतों का सम्मान करना भी दिनचर्या का अहम हिस्सा है। भूख लगे तो खाना, नींद आए तो सोना, और शौच-मूत्र की प्रक्रिया को नजरअंदाज न करना स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। छोटी-छोटी चीजें जैसे इन्हें बार-बार टालना, लंबे समय में गंभीर परेशानियों का कारण बन सकती हैं। साथ ही साफ-सफाई पर ध्यान देना भी महत्वपूर्ण है। रोजाना सुबह और रात दांत साफ करना, जीभ की सफाई, नहाना और स्वच्छ कपड़े पहनना न केवल शरीर को स्वस्थ बनाए रखते हैं, बल्कि मन को भी तरोताजा रखते हैं।

# ईरान समझौते की शर्तों को नहीं मानता है, तो भुगतने होंगे गंभीर सैन्य परिणाम

### नए परमाणु समझौते को लेकर जारी बातचीत के बीच ट्रंप ने दी चेतावनी



**वॉशिंगटन।** ईरान और अमेरिका के बीच एक नए परमाणु समझौते को लेकर जारी बातचीत के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सख्त रुख अपनाया है। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने साफ किया कि यदि ईरान समझौते की शर्तों को नहीं मानता है, तो उसे गंभीर सैन्य परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। सैन्य बेड़े की रवानगी और चेतावनी देते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का एक विशाल नौसैनिक बेड़ा ईरान की ओर रवाना हो चुका है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ईरान समझौता करना चाहता हैं, और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो यह उनकी बेवकूफी होगी। हमने पहले भी उनके न्यूक्लियर ठिकानों को तबाह कर दिया है, और हम देखेंगे कि इस बार हम और क्या नष्ट कर सकते हैं।

ट्रंप का यह बयान उस समय आया है जब सोमवार को ओमान की मध्यस्थता में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच सीधी मुलाकात हुई। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाक़ाई ने बातचीत को सकारात्मक बताया और संकेत दिया कि वार्ता आगे भी जारी रहेगी। एक तरफ जहां कूटनीतिक रास्तों से समाधान निकालने की कोशिश हो रही है, वहीं ट्रंप की सैन्य कार्रवाई की धमकी ने इस बातचीत पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। बता दें अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने यूरेनियम संवर्धन और परमाणु ठिकानों को पूरी तरह नियंत्रित करे।

## आर्थिक संकट की आहट के बीच जापान की नई प्रधानमंत्री सनाए तकाची के सामने कई चुनौतियां

**टोक्यो।** जापान में नई सरकार के साथ साथ नई चुनौतियां भी दिखाई दे रही हैं। जापान में हाल ही में संपन्न हुए आम चुनावों ने न केवल देश की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ दिया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर जापान की छिपी हुई आर्थिक कमजोरियों को भी उजागर कर दिया है। लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता सनाए तकाची ने इन चुनावों में 75.7 फीसदी सीटों पर ऐतिहासिक कब्जा जमाकर जबरदस्त जीत हासिल की है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद किसी भी जापानी नेता को मिला यह अब तक का सबसे बड़ा जनादेश है। हालांकि, यह जीत जितनी भव्य है, नई सरकार के सामने खड़ी आर्थिक चुनौतियां उतनी ही विकराल हैं। दुनिया अब तक जापान को केवल एक आर्थिक रोल मॉडल और तकनीक के गढ़ के रूप में देखती आई है, लेकिन इस चुनाव और इसके बाद की घोषणाओं ने वहां की अर्थव्यवस्था की एक बेहद पिछड़ी और संकटग्रस्त तस्वीर पेश की है।



बांग्लादेश में मतदान के एक दिन पहले हुई झड़प में नेता की आंख निकाली, सदमे से मां ने तोड़ा दम।

# कनाडा के स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग: हमलावर के अलावा 10 बच्चों की मौत, कई घायल





**टंबलर रिज।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत स्थित टंबलर रिज कस्बे के एक स्कूल में मंगलवार को हुई भीषण गोलीबारी में 10 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मुख्य हमलावर भी मारा गया है। इस दर्दनाक घटना में दर्जनों लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिस समय यह हमला हुआ, स्कूल में करीब 200 छात्र मौजूद थे। फिलहाल सुरक्षा कारणों से हमलावर की पहचान उजागर नहीं की गई है और पूरे इलाके को भारी पुलिस बल ने छावनी में तब्दील कर दिया है।

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने पुष्टि की है कि एक संदिग्ध घटनास्थल पर मृत पाया गया है। पुलिस अधिकारी अब इस बात की गहनता से जांच कर रहे हैं कि क्या इस कृत्य में कोई दूसरा संदिग्ध भी शामिल था। करीब 2,400 की आबादी वाले इस शांत कस्बे में सुरक्षा के मद्देनजर निवासियों को घरों के भीतर ही रहने की सख्त हिदायत दी गई है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पड़ोसी इलाकों से अतिरिक्त पुलिस कुमुक बुलाई गई है।पीस रिवर साउथ स्कूल डिस्ट्रिक्ट के अनुसार, घटना के बाद टंबलर रिज सेकेंडरी स्कूल और एलीमेंट्री स्कूल दोनों को लॉकडाउन पर रखा गया है, जिससे किसी भी व्यक्ति के अंदर आने या बाहर जाने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। स्थानीय विधायक लैरी न्यूफेल्ड ने बताया कि एंबुलेंस और अन्य आवश्यक संसाधन तेजी से मौके पर भेजे जा रहे हैं। उन्होंने समुदाय के लोगों से धैर्य बनाए रखने और सुरक्षित स्थानों पर ही रहने का आग्रह किया है। यह क्षेत्र वैंकूवर से लगभग 1,000 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। उल्लेखनीय है कि कनाडा में स्कूलों के भीतर गोलीबारी की ऐसी हिंसक घटनाएं अत्यंत दुर्लभ मानी जाती हैं, जिससे इस त्रासदी ने पूरे देश को झकझोर दिया है।

## गुयाना की संसद में गूंजी शुद्ध हिंदी, भारतीय मूल के मंत्री ने बिना कागज के बहस की चुनौती दी

**जॉर्जटाउन।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना की संसद में उस समय एक ऐतिहासिक और गौरवशाली पल देखने को मिला, जब बजट 2026 पर चर्चा के दौरान हिंदी भाषा की गूँज सुनाई दी। भारतीय मूल के कृषि राज्य मंत्री विकाश रामकिसून ने अपनी भाषाई क्षमता पर सवाल उठाने वाले विपक्षी सांसदों को न केवल हिंदी में करारा जवाब दिया, बल्कि उन्हें बिना किसी तैयारी के शुद्ध हिंदी में बहस करने की खुली चुनौती भी दे डाली। सदन के भीतर हिंदी की यह दहा? अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और इसे वैश्विक स्तर पर हिंदी के ब?ते गौरव के रूप में देखा जा रहा है।

पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब विपक्षी सांसद विष्णु पांडे ने मंत्री विकाश रामकिसून की हिंदी बोलने की काबिलियत पर तंज कसा। विपक्ष को उम्मीद नहीं थी कि इसका जवाब इतनी प्रखरता से मिलेगा। रामकिसून तुरंत अपनी कुर्सी से ख? हुए और बिना किसी हिचकिचाहट के शुद्ध हिंदी में कहा, माननीय अध्यक्ष महोदय, आदरणीय सदस्य विष्णु पांडे... मैं अभी इसी वक्त उनको चुनौती देता हूं कि किसी भी स्तर पर, किसी भी जगह पर जाकर, विषय वे तय करें, और मैं बिना कागज लिए वहां डिबेट करूंगा। सदन में मौजूद सदस्य मंत्री के इस आत्मविश्वास और भाषा पर पक? को देखकर हक्के-बक्का रह गए। जॉर्जटाउन स्थित भारतीय उच्चायोग ने भी इस घटना की सराहना करते हुए इसे गुयाना की संसद में गूंजी हमारी हिंदी के रूप में गर्व के साथ साझा किया है। गौरतलब है कि विकाश रामकिसून की ज?ें भारत से गहरी जु?ी हुई हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से कॉमर्स में मास्टर डिग्री ली है।

## ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता के बीच नेतन्याहू का वॉशिंगटन दौरा- अब बैठक पर दुनिया की नजरें

**यरूशलेम।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी परमाणु वार्ताओं के बावजूद मध्य पूर्व में तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों पक्षों की ओर से जारी धमकियों और कूटनीतिक रस्साकशी के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एक बेहद महत्वपूर्ण मिशन पर अमेरिका रवाना हो रहे हैं। पीएम नेतन्याहू वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। रणनीतिक रूप से यह बैठक इसलिए भी खास है क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह सातवीं आधिकारिक मुलाकात होगी, जिसने ईरान की चिंताएं बड़ा दी हैं। अमेरिका के लिए रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इस यात्रा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी ये बार-बार होने वाली मुलाकातें इजरायल और अमेरिका के बीच के असाधारण और ऐतिहासिक संबंधों का प्रमाण हैं।




नीदरलैंड टीम ने दबाव का सामना करने मनोवैज्ञानिक की सलाह ली।

# टी20 विश्व कप में आज ओमान पर जीत के इरादे से उतरेगी श्रीलंका




**पल्लीकल।** श्रीलंका की टीम विश्व कप के ग्रुप बी के मुकाबले में गुरुवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर ओमान के खिलाफ जीत हासिल करने उतरेगी। इस मैच में उसे ओमान से सावधान रहना होगा। मेजबान बल्लेबाजों को बीच के ओवरों में अधिक से अधिक रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाना होगा। इस मैच में स्पिनर वानिंदु हसरंगा के बाहर होने से भी टीम के अन्य गेंदबाजों पर अधिक दबाव रहेगा।होगी।

हसरंगा हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। श्रीलंका को पहले ही मैच में आयरलैंड के खिलाफ 20 रन की जीत के लिए काफी प्रयास करना पड़ा था। सकारात्मक शुरुआत की। उस मैच में उसके बल्लेबाज स्पिनरों के खिलाफ काफी कमजोर नजर आये थे। आयरलैंड के स्पिनरों के सामने लंकाई बल्लेबाज सहज नहीं दिखे। सातवें और 15वें ओवर के बीच एक भी चौका नहीं लगा सके। ओमान भी उसकी इसी कमजोर नस को दबाना चाहेगा। पिछले मैच में कामिंदु मेंडिस ने आखिरी ओवरों में 19 गेंदों पर 44 रन बनाकर श्रीलंका एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया था। टीम उनसे इस मैच में भी वैसा ही प्रदर्शन चाहेगी।

वहीं कुसल मेंडिस ने भी अर्धशतक लगाया। टीम को सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका और कामिल मिशारा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अब तक रन नहीं बना पाये हैं। शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में विफल रहे।

हसरंगा ने आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। चोटिल होने के बावजूद उन्होंने अपने चार ओवर पूरे किए और तीन विकेट लिए। उनकी जगह शामिल दुशान हेमंथा कैसा प्रदर्शन करते हैं ये देखना होगा। ऐसे में पहले मैच में भी तीन विकेट लेने वाले स्पिनर महेश थीक्षाना को अतिरिक्त जिम्मेदारी लेनी होगी।

दूसरी ओर ओमान का को जिम्बाब्वे के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ओमान के बल्लेबाजों को तेज गेंदबाजी और अतिरिक्त उछाल के सामने संघर्ष करना पड़ा। कोलंबो में उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये थे।

कप्तान जतिंदर सिंह को पता है कि उनकी टीम को अगर श्रीलंका के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उनके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि पिछले मैच में उसके गेंदबाजों ने अच्छा खेल दिखाया था।

## अभिषेक पेट में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को पेट में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसे में उनका गुरुवार को नामीबिया के खिलाफ होने वाले टी20 विश्वकप मुकाबले में खेलना संदिग्ध है। अभिषेक टूर्नामेंट की शुरुआत से ही पेट दर्द की शिकायत कर रहे थे। भारतीय टीम को 15 फरवरी को पाकिस्तान से खेलना हैं। ऐसे में तब तक उनक ठीक होना जरुरी है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो ये भारतीय टीम के लिए करारा झटका होगा क्योंकि वह तेजी से रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। यूएई के खिलाफ पहले मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी कहा था कि अभिषेक के पेट में दर्द है। वह अमेरिका के खिलाफ मुकाबले में भी फील्डिंग के लिए नहीं उतरे थे। अभिषेक शर्मा यूएसए के खिलाफ पहले मुकाबले में गोल्डन डक पर आउट हुए थे। एक रिपोर्ट के अनुसार अभिषेक को पेट में संक्रमण हुआ है इसके साथ ही उन्हें बुखार भी है। रविवार को मुख्य कोच गौतम गंभीर के घर हुए टीम डिनर में भी वह ठीक नहीं लग रहे थे। इसी कारण थोड़ी देर में ही वहां से चले गए थे। सोमवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार को भी वह वहीं भर्ती रहे। फिलहाल टीम प्रबंधन उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। वहीं अगर अभिषेक फिट नहीं हुए तो संजू सैमसन को ईशान किशन के साथ पारी की शुरुआत के लिए भेजा जाएगा। अभिषेक का नामीबिया के खिलाफ मुकाबला खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। ऐसे में ईशान किशन के साथ ओपनिंग करने का मौका सैमसन को मिल सकता है।

## अब एसोसिएट टीमों का प्रदर्शन भी बेहतर हुआ




**नई दिल्ली।** इस बार टी20 विश्वकप में कमजोर मानी जाने वाली एसोसिएट टीमें भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। नेपाल ने जिस प्रकार पहले ही मैच में इंग्लैंड को जोरदार टक्कर दी उससे ये बात साबत होती है। वहीं भारत को अमेरिका और पाकिस्तान को नीदरलैंड से कड़ी टक्कर मिली है। इससे ये साफ हो गया है कि इन टीमों का स्तर भी अब बढ़ता जा रहा है। इससे देखते हुए अब साफ है कि किसी भी टीम को कम नहीं आंका जा सकता है।

इसी को देखते हुए नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने भी कहा है कि अब एसोसिएट टीमों पर लगे ठप्पे को हटा दिया जाना चाहिये। एसोसिएट टीमों की मैचों में हार का कारण प्रतिभा की कमी नहीं, बल्कि कुछ अहम मौकों पर छोड़े गए कैच और बड़े खिलाड़ियों के असाधारण प्रदर्शन रहे हैं। वहीं टूर्नामेंट शुरू होने से पहले माना जा रहा था कि ग्रुप स्टेज पर मुकाबले औपचारिक होंगे और बड़े देश आसानी से आगे बढ़ जाएंगे पर एसोसिएट टीमों ने अपने प्रदर्शन से इस सोच को पूरी तरह गलत साबित कर दिया है।नेपाल बनाम इंग्लैंड मुकाबला किसी नॉकआउट मैच से कम नहीं रहा. वहीं अमेरिका ने भारत को जीत के लिए कड़ी मेहनत करने पर मजबूर किया और नीदरलैंड ने पाकिस्तान को लगभग टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

इसका एक कारण टी20 प्रारुप को माना जा रहा है। 20 ओवर के खेल में एक बल्लेबाज़ या एक गेंदबाज़ पूरे मैच का रुख बदल सकता है। फ्रेंचाइज़ी लीग्स का असर भी साफ दिख रहा है. एसोसिएट देशों के खिलाड़ी अब आईपीएल बिग बैश और अन्य लीग्स में नियमित रूप से खेलते हैं, जिससे उन्हें पता चल गया है कि बड़ मंचों पर किसी प्रकार दबाव का सामना कर सकते हैं।

# बीडब्ल्यूएफ कार्यक्रम में भारतीय बैडमिंटन को नुकसान



**कुआलालंपुर।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने भारतीय बैडमिंटन को करार झटका देते हुए सैयद मोदी टूर्नामेंट का दर्जा कम किया गया है हालांकि इंडिया ओपन बैडमिंटन का दर्जा पहले जैसा ही रखा गया है। इसके अलावा भारत में होने वाले आयोजनों की संख्या को चार से कम करते हुए दो कर दिया गया है। इंडिया ओपन का सुपर 750 दर्जा बना रहेगा पर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 का दर्जा घटाकर सुपर 100 कर दिया गया है जबकि विश्व टूर कार्यक्रम से गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर 100 टूर्नामेंट को बाहर कर दिया गया है। इन टूर्नामेंटों को साल 2023 में शुरू किया गया था। सैयद मोदी टूर्नामेंट साल 2018 से ही विश्व टूर सुपर 300 स्तर का टूर्नामेंट रहा है पर अब ये अगले सत्र से आठ सुपर 100 टूर्नामेंटों में से एक होगा।

इस टूर्नामेंट के स्तर को कम करने या ओडिशा और गुवाहाटी के टूर्नामेंटों को कैलेंडर से हटाने के पीछे के कारण विश्व संस्था ने नहीं बताये हैं। दिल्ली में आयोजित होने वाले इंडिया ओपन को 2023 में सुपर 750 का दर्जा दिया गया था जो बना रहेगा। वह अपनी ग्रेड दो, लेवल तीन स्थिति बनाए रखेगा और 2027-30 के नए चक्र में भी पांच सुपर 750 टूर्नामेंटों में शामिल रहेगा।

## हसरंगा टी20 विश्व कप से बाहर हुए, दुशान हेमंथा को मिल सकती है जगह

**कोलंबो।** श्रीलंका के रहस्यमयी स्पिनर वानिंदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गये हैं। हसरंगा जैसे बेहतरीन गेंदबाज का इस प्रकार टूर्नामेंट से बाहर होना सह-मेजबान श्रीलंका के लिए करारा झटका है। हसरंगा को कोलंबो में रविवार को आयरलैंड के खिलाफ हुए मैच के दौरान चोट लगी थी और एमआरआई स्कैन जांच के बाद ये पाया गया कि वह अब आगे नहीं खेल पायेंगे क्योंकि उनकी चोट गंभीर है। इंग्लैंड के एक विशेषज्ञ ने रिपोर्ट देखने के बाद उन्हें टी20 विश्व कप से बाहर होने की सलाह दी। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार अब हसरंगा चार सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। हसरंगा की कमी पूरी करना लंकाई टीम के लिए संभव नहीं है। वह एक मैच विजेत गेंदबाज होने के साथ ही निचले क्रम में एक उपयोगी बल्लेबाज भी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मैहर में गरीबरथ ट्रेन के स्थानक की मांग



**मैहर ( ब्यूरो )।** धार्मिक एवं पवित्र नगरी मैहर रेल्वे स्टेशन में जनमानस के हितार्थ सुविधाजनक समय से चलने वाली 12535 एवं 12536 रायपुर लखनऊ गरीब रथ ट्रेन का स्थानक प्रारंभ करने की मांग मैहर जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य महेश दरियानी ने की है। उन्होंने सतना सांसद गणेश सिंह से अनुरोध किया है कि इस सुविधा से यूपी की राजधानी लखनऊ चिकित्सालय क्षेत्र में आने जाने एवं उपचार का लाभ लेने हेतु समस्त मैहर जिला वसियो को सुविधा प्राप्त होगी। यह मांग विगत कई वर्षो से लगातार मैहर में की जा रही है।

### विधायक कप लेदर बॉल क्रिकेट का महाकुंभ 22 फरवरी से

**मैहर ( ब्यूरो )।** क्रिकेट क्लब द्वारा स्थानीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के संरक्षकत्व में आगामी 22 फरवरी से भव्य लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इस खेल उत्सव को विधायक कप लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के नाम से जाना जाएगा। सफल आयोजन हेतु क्रिकेट क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन को भव्य और सफल बनाने हेतु सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संरक्षक समोद घई, अध्यक्ष सुधीर घई, उपाध्यक्ष राजेंद्र जादवानी एवं योगेश पाल, सचिव रंकज जैन, कोषाध्यक्ष मोहम्मद नसीम, टूर्नामेंट सचिव अमित मिश्रा हैं। विजेता टीम को 51000 रुपए नगद एवं भव्य विजेता शील्ड तथा उपविजेता को 31 000 रुपए नगद एवं उप विजेता शील्ड प्रदान की जायेगी।

### एक ही रात दो मकानों में चोरी, डेढ़ करोड़ की संपत्ति लेकर फरार हुए बदमाश

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के इंदार गांव में मंगलवार रात अज्ञात बदमाशों ने दो अलग-अलग मकानों में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बदमाश करीब एक किलो सोना, ढाई किलो चांदी तथा 20 लाख रुपये नकद सहित लगभग डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति लेकर फरार हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पहली घटना गांव निवासी चंद्रप्रकाश रघुवंशी के मकान में हुई। बताया गया है कि उन्होंने हाल ही में मक्का की फसल बेची थी, जिसकी 20 लाख रुपये की नकद राशि घर में रखी थी। बदमाश छत के रास्ते मकान में घुसे और तिजोरी व अलमारी के ताले तोड़कर नकदी तथा सोने-चांदी के आभूषण चुरा ले गए।

इसी रात गांव के शिक्षक रामवीर सिंह रघुवंशी के सूने मकान में भी सेंध लगाई गई। रामवीर सिंह परिवार सहित गुना में एक विवाह समारोह में गए हुए थे। अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर लगभग 25 तोला सोना तथा चांदी के आभूषण पार कर दिए। घटना की जानकारी पड़ोसियों द्वारा ताला टूटा देखे जाने पर हुई। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने सुनियोजित ढंग से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इंदार की यह घटना पुलिस के लिए चुनौती मानी जा रही है।

### क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के शेष कार्य फरवरी अंत तक करें पूर्ण- कलेक्टर

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की। जिले में संचालित नल-जल योजनाओं, पेयजल आपूर्ति, पेयजल स्त्रोतों की वर्तमान स्थिति, पुनरीक्षित योजनाओं, पाइपलाइन विस्तार, क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) की प्रगति तथा लंबित कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने हर घर नल से जल अभियान के अंतर्गत प्रगतिरत क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन की जनपदवार समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को फरवरी माह के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियरों को दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही नल-जल योजना अंतर्गत पुनरीक्षित योजनाओं की भी समीक्षा कर निर्देशित किया।

# नगर निगम ने माधव नगर में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

### पंचायत चौराहा में 8 दुकानों की अनाधिकृत अस्थाई संरचनाओं को हटाया गया

### लक्ष्मीबाई तिराहा से कोतवाली तिराहा होते हुए नगर निगम कार्यालय तक के फुटपाथ हुए खाली



**कटनी ( ब्यूरो )।** शहर के मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों की यातायात व्यवस्था को सुगम व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा बुधवार को नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में वृहद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाकर विभिन्न प्रमुख व्यावसायिक एवं मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान पुलिस बल एवं नगर निगम प्रशासन की अतिक्रमण टीम की मौजूदगी में अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के उन स्थलों को चिन्हित कर कार्यवाही की जहाँ अस्थायी दुकानों, ठेलों एवं अवैध पार्किंग के कारण आए दिन यातायात बाधित हो रहा था। अतिक्रमण प्रभारी श्री सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को माधव नगर में मुख्य पहुंच मार्ग तांगा स्टैंड सहित पंचायत चौराहा के विभिन्न स्थलों में मार्च किया जाकर नागरिकों से सार्वजनिक मार्ग के आवागमन को बाधित कर रहीं अस्थाई संरचनाओं को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 8 दुकानों में निर्धारित सीमा के बाहर अनाधिकृत रूप से लगे टीन शेड, बोर्ड आदि को हटाया गया, वहीं मुख्य मार्गो के ठेलों सब्जी विक्रेताओं को भी मार्ग से पृथक एवं व्यवस्थित करते हुए आवागमन को सुगम बनाने की कार्यवाही की गई।

फुटपाथ हुए खाली

नगरीय क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था के मद्देनजर महारानी लक्ष्मी बाई तिराहा से कोतवाली तिराहा तक चलाये गए अभियान के दौरान मुख्य मार्गो के किनारे फुटपाथ पर निर्धारित सीमा के बाहर लगीं अस्थाई दुकानों को हटाकर फुटपाथ खाली करानें की कार्यवाही की गई। इस दौरान कोतवाली तिराहा से मिशन चौक तक सड़क किनारे अव्यवस्थित ठेलों टपरों को अलग कराते हुए मार्ग का आवागमन सुगम बनाने की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त अतिक्रमण अमले द्वारा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो में मुनादी के माध्यम से दुकानदारों को दुकान सामग्री निर्धारित सीमा के अंदर रखकर ही व्यवसाय करानें की मुनादी के माध्यम से अपील की गई।

# भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष का माई की रसोई में भव्य स्वागत





**मैहर ( ब्यूरो )।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर एवं साथ में सतना जिले के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौभाग्य केशरी ने माई शारदा के दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया।दर्शन पश्चात युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और सतना जिले के जिला अध्यक्ष ने माई की रसोई के द्वारा निरंतर 7 सालों से चल रहे माई के महाभोग खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं आस्था देखने को मिला। इसके उपरांत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और सतना जिले के जिला अध्यक्ष ने पूरी युवा मोर्चा टीम के साथ एसडीएम बंगले के सामने स्थित माई की रसोई पहुँच कर भोजन प्रसाद ग्रहण किया ।

# अग्निवीर भर्ती में 15 जिलों के आवेदक होंगे शामिल

### शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए नियुक्त किये गए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट



**कटनी ( ब्यूरो )।** पुलिस ग्राउंड झिंझरी में 13 से 24 के मध्य आयोजित में लगभग 15 जिलों के आवेदक सम्मिलित होने की संभावना है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उक्त रैली में अत्यधिक भीड़ की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिले के महत्वपूर्ण स्थल पर शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु अपर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाकर कार्य दायित्व सौंपे गए हैं।

नियुक्त किये गए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हर्षवर्धन रामटेके एएसएलआर प्रभारी नायब तहसीलदार को पुलिस लाइन ग्राउण्ड झिंझरी के अंदर रैली स्थल पर प्रातः6 बजे से दोपहर 1 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है।अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार तहसील ग्रामीण कटनी की पुलिस लाईन ग्राउंड झिंझरी के अंदर रैली स्थल पर दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। ऋषि गौतम नायब तहसीलदार तहसील बड़वारा की पुलिस लाईन ग्राउंड झिंझरी के बाहर गेट एवं आस पास प्रातः6 बजे से दोपहर 1 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। आशीष कुमार चतुर्वेदी नायब तहसीलदार तहसील विजयराघवगढ़ की ड्यूटी पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी के बाहर गेट एवं आसपास के स्थल पर दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। प्रशन्न कुमार वर्मा प्र. नायब तहसीलदार तहसीलदार बरही की ड्यूटी बस स्टैंड कुठला, मुख्य रेल्वे स्टेशन, मुड़वारा रेल्वे स्टेशन, साउथ रेल्वे एवं मिशन चौक कटनी में में प्रातः6 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाई गई है। आकाशदीप नामदेव, नायब तहसीलदार बहोरीबंद को बस स्टैंड कुठला, मुख्य रेल्वे स्टेशन, मुड़वारा रेल्वे स्टेशन, साउथ रेल्वे एवं मिशन चौक कटनी में दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक का दायित्व सौंपा गया है।

# जनसुनवाई में दिव्यांग के पास स्वयं पहुंचीं महापौर , संवेदनशीलता के साथ सुनी समस्या

### पात्रता अनुसार शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के दिए निर्देश



**कटनी ( ब्यूरो )।** नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक मानवीय दृश्य तब देखने को मिला, जब राम निवास सिंह वार्ड निवासी दिव्यांग नागरिक दीपक रैकवार अपनी समस्या लेकर महापौर से मिलने पहुंचे। दीपक की दिव्यांगता को देखकर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उन्हें अपने पास बुलाने के बजाय स्वयं उनके पास पहुंचकर गंभीरता के साथ उनकी पीड़ा सुनी। दीपक नें बताया कि गल्ला पर्ची जारी नहीं हो पाने के कारण उनके परिवार वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। महापौर ने दीपक की परिस्थितियों को गंभीरता से समझते हुए योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय को समक्ष में बुलाकर दीपक की गल्ला पर्ची जारी होने में आ रही दिक्कतों का समाधान करानें के निर्देश दिए। जिस पर योजना प्रभारी श्री पांडेय द्वारा तत्काल ही दीपक से आवश्यक दस्तावेज लेकर गल्ला पर्ची जारी किये जाने हेतु पोर्टल पर अपलोड कराने की कार्यवाही की गई। श्री पांडेय ने बताया कि शासन से गल्ला पर्ची जारी होते ही शीघ्र ही दीपक को राशन मिलना प्राप्त हो जायेगा। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने दीपक की दिव्यांगता को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु भी योजना प्रभारी को निर्देशित किया गया, ताकि उनका जीवन अधिक सहज और सम्मानजनक बन सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए शासन की योजनाएं तभी सार्थक है, जब उसका लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। महापौर ने यह भी कहा कि नगर निगम प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के निराकरण प्रति संवेदनशील है और जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आमजन के दु:ख-दर्द को समझने और समाधान का सशक्त माध्यम है।

# कटनी के कई क्षेत्रों में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

### 132 केवी उपकेंद्र में सुदृढ़ीकरण कार्य के चलते सुबह 8 से शाम 6 बजे तक रहेगा शटडाउन



**कटनी ( ब्यूरो )।** विजली के कंडक्टर प्रतिस्पादन कार्य के मददेनजर 12 फरवरी 2026 गुरुवार को प्रातः 08:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक 132 केवी उपकेंद्र कटनी के 33 केवी मेन बस के सुदृढ़ीकरण एवं कंडक्टर प्रतिस्थापन कार्य के कारण शटडाउन लिया जाएगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों के सभी उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शटडाउन के दौरान निम्न 33 केवी फीडरों से जुड़े में क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

**33 केवी एनकेजे फीडर**

खिरहनी, साईंपुरम कॉलोनी, दुबे कॉलोनी, दुर्गा चौक, प्रेमनगर, छोटी खिरहनी, राहुल बाग, निमिया मोहल्ला, गायत्री नगर, नीरज टॉकीज, शास्त्री कॉलोनी, एनकेजे मार्केट, जैन कॉलोनी, एसकेपी कॉलोनी, आईटीआई, मंगल नगर, बिलगवा, लखेरा, मूंगाबाई कॉलोनी, बड़वारा, रोशन नगर सहित आसपास के क्षेत्र।33 केवी बिलहरी फीडर बिलहरी, रैपुरा, घुघरा (घरेलू व कृषि) एवं बिलहरी फीडर से जुड़े समस्त उच्चदाब उपभोक्ता। 33 केवी पहरूआ फीडरगणेश चौक उपकेंद्र से जुड़े सिटी-8, सिटी-9, सिटी-10, सिटी-11 फीडर क्षेत्र—सिविल लाइन, वीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, शासकीय अस्पताल, बरही रोड, विधायक बंगला, हीरागंज, गुरुनानक वार्ड, सुभाष चौक, झंडा बाजार, गोल बाजार, गर्ग चौराहा, घंटाघर, गांधी द्वार, सब्जी मंडी, विश्वकर्मा पार्क, गणेश चौक, गजानन कॉम्प्लेक्स, ढोर अस्पताल सहित आसपास के क्षेत्र। 33 केवी मानसरोवर फीडर समदड़िया एवं मित्तल उपकेंद्र से जुड़े समदड़िया-1, समदड़िया-2, मित्तल-1 एवं मित्तल-2 फीडर क्षेत्र। 33 केवी बर्न एंड कंपनी फीडर निवार, भनपुरा एवं भरौली उपकेंद्र से जुड़े सभी निम्न एवं उच्चदाब उपभोक्ता। 33 केवी स्लीमनाबाद फीडरबड़वारा, विलायतकला, देवरीहटाई एवं भुड़सा उपकेंद्रों से जुड़े समस्त उपभोक्ता। 33 केवी बड़वारा फीडरबड़वारा एवं विलायतकला उपकेंद्र से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर क्षेत्र। विद्युत विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित शटडाउन अवधि में आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से कर लें। यह कार्य बिजली व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# नियमों के उल्लंघन पर आटो चालकों पर होगी कार्रवाई






### आपका सारथी कौन : पुलिस से कर सकेंगे शिकायत

**कटनी ( ब्यूरो )।** जिले में यात्री सुरक्षा, अनुशासन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा आपका सारथी कौन नवाचार के अंतर्गत ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। कटनी पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कोई भी चालक यदि शराब के नशे में वाहन चलाते पाया जाता है या लापरवाही पूर्वक या तेज गति से वाहन चलाता है एवं निर्धारित से अधिक किराया मांगता है, अथवा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस पहल के अंतर्गत सभी ऑटो ई रिक्शा चालकों को खाकी यूनिफार्म धारण करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही प्रत्येक चालक को बैच के रूप में एक विशिष्ट यूनिक पहचान संख्या प्रदान की गई है, जिससे यात्रियों को चालक की पहचान करने में सुविधा होगी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। कटनी पुलिस द्वारा आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि यदि किसी चालक द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को प्रदान करें, जिससे त्वरित कार्यवाही की जा सके।

### भिक्षा मांगकर जीवन यापन करने वाला मानसिक अस्वस्थ युवक की मौत

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की कोतवाली थाना अंतर्गत बाबा कॉलोनी (वार्ड नंबर 09) में बुधवार दोपहर एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार युवक काफी समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ था। वह कॉलोनी और आसपास के इलाकों में घूमकर भिक्षा मांगता था और उसी से अपना जीवन यापन कर रहा था।

# बड़ा अखाड़ा आश्रम में रही गुरू जन्मोत्सव की धूम



**मैहर।** श्रीराम जानकी मंदिर बड़ा अखाड़ा के पूज्य संत सीताबल्लभ शरण जू महाराज का जन्मोत्सव बुधवार को शिष्य भक्तों द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। बड़ा अखाड़ा से जुड़े शिष्य भक्तों का सुबह से ही पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया जो देर शाम तक चलता रहा। शिष्यों द्वारा चरण वंदना कर उनके दीर्घायु जीवन कि कामना की गई। उपस्थित सभी भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर डा. केसी जैन, कांग्रेस नेता धर्मेश घई, वरिष्ठ समाजसेवी विश्वनाथ चौरसिया गुड्डू भइया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी, सुशील तिवारी, पीएल द्विवेदी, जयंत जैन एवं जितेश जैन सहित काफी संख्या में भक्तजनों की उपस्थिति रही।

### वरिष्ठ जनों के लिए समग्र स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

**दद्दा धाम व बच्चन नायक वृद्धाश्रम में होंगे नि:शुल्क शिविर**

**कटनी (ब्यूरो)।** शासन के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु होलिस्टिक वेल बीइंग कैम्पस कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नि:शुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12 फरवरी,13 फरवरी एवं 19 ,20, 26 एवं 27 फरवरी को दद्दा धाम वृद्धाश्रम एवं बच्चन नायक वृद्धाश्रम में आयोजित होंगे। शिविरों के माध्यम से वृद्धजनों को निशुल्क ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच, आवश्यक औषधि वितरण, योगासन अभ्यास तथा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का लाभ दिया जाएगा। इसके साथ ही जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा परामर्श भी प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर उन्हें सक्रिय, स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर बनाना है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से वृद्धजनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और नियमित जांच से बीमारियों की समय रहते पहचान संभव हो सकेगी। जिला प्रशासन ने वृद्धाश्रमों में निवासरत सभी वरिष्ठजनों से शिविरों में सहभागी बनने की अपील की है, ताकि वे इस नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठा सकें।

» न्यूज कैप्सूल »

## भारतीय सफाई मजदूर संघ ने सौपा ज्ञापन



**दमोह (ब्यूरो)।** भारतीय सफाई मजदूर संघ जिला दमोह जिला एवं नगर कार्यकारिणी के सदस्य के द्वारा आज पुन: एक ज्ञापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से सफाई कर्मचारियों को एरियास और कर्मचारियों को ड्रेस एवं आईडी कार्ड देने के संबंध में जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तुरंत मांगों के संबंध में एरियास भुगतान और आई कार्ड जारी करने को संबंधित अधिकारी को आदेशित किया ज्ञापन में प्रमुख रूप से भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष सिकंदर ख़रारे, जिला महामंत्री निखलेश चौहान, नगर अध्यक्ष सुनील करोसिया, नगर महामंत्री रत्नेश ख़रारे, नगर उपाध्यक्ष देवेंद्र करोसिया, ब्रजकांत गोदरे, राजेश गोदरे समस्त कार्यकारिणियों सदस्य के द्वारा ज्ञापन सोपा गया मुख्य नगर पालिका अधिकारी के तुरंत आदेश करने पर उनका बहुत-बहुत मजदूर संघ की तरफसे धन्यवाद व्यापित करते हैं।

## कट्टे की नोक पर इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी से लाखों की लूट, मारपीट कर बदमाश फरार



**दमोह (ब्यूरो)।** सागर मार्ग पर देहात थाना क्षेत्र के परसौरिया गांव में मंगलवार रात दमोह के इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी राजकुमार नागदेव राजा सिंधी को पहले बाइक में टक्कर मारकर गिराया गया फिर उनका रास्ता रोककर पिस्टल अड़ाकर सात लाख की लूट की फिर मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया गया, अंधेरे में बेहोश पड़े व्यापारी को क ाप्स् 112 की मदद से जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं मौके पर पुलिस के अधिकारी और पुलिस ने पहुचकर जांच की जा रही है,व्यापारी गढ़ाकोटा से अपने लेनदेन की बसूली करके लौट रहा था। जिसकी रेकी कर लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया है। घायल व्यापारी का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

## लापरवाही पर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**राजगड़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ में बुधवार को कलेक्टर डॉ.गिरीशकुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जाति प्रमाणपत्र एवं जन्म प्रमाणपत्र अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लापरवाही पर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि संकुलवार शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र के आवेदन लोकसेवा केन्द्रों में व्यवस्थित रुप से जमा कराए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र विद्यार्थी को प्रमाणपत्र के अभाव में शैक्षणिक या शासकीय योजनाओं से वंचित नही रहने दिया जाए। बैठक में निर्देश दिए कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड या समग्र आईडी में किसी भी प्रकार की त्रुटि है, उन्हें अभियान मोड में लेकर समयबद्ध रुप से सुधार की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें।

समीक्षा के दौरान प्रोफाइल एवं ओटीआर प्रविष्टियों में मात्र 10 प्रतिशत प्रगति पाए जाने पर कलेक्टर डॉ.मिश्रा ने बीईओ ब्यावरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए वहीं बीईओ जीरापुर व बीईओ खिलचीपुर द्वारा अपेक्षित संतोषजनक कार्य नही किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.इच्छित गड़पाले सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री श्री लोधी जनसमुदाय के साथ खेली फूलो की होली पारंपरिक ब्रज की राई लोकनृत्य में अपने आप को थिरकने से नहीं रोक पाए मंत्री लोधी

**दमोह (ब्यूरो)।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन एवं महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव 2026 का पंचम दिवस भक्ति,संस्कृति और जनआस्था के भव्य उत्सव में अपार जनसमर्थन प्राप्त हुआ। नोहटा स्थित नोहलेश्वर धाम में आयोजित पारंपरिक ब्रज की राई लोक नृत्य में आस्था का जन सैलाब देखने मिला जिसने पिछले साल के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्री गणेश के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि नोहटा जैसे सांस्कृतिक केंद्रों पर आयोजित महोत्सव जन-जन को जोड़ने का कार्य करते हैं। नोहलेश्वर महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए अवसरों का उत्सव है। मुख्यमंत्री जी का आगमन इस क्षेत्र को नई पहचान और नई संभावनाएँ देगा। नोहलेश्वर महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह स्थानीय कला, संस्कृति और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का एक सशक्त मंच भी बनकर उभर रहा है। और साथ ही मेले का आकर्षण और विभिन्न प्रकार के एडवेंचर एक्टिविटी आकर्षण का केंद्र है और हॉट एयर बैलून भी मेले में शामिल हो चुका हैं तो आप सभी उसका भी लुत्फ उठाए।

महोत्सव के मंच से जिले के समस्त पत्रकारो का हुआ सम्मान - महोत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले लोकतंत्र के चौथे स्तंभ जिले के समस्त सम्मानीय पत्रकार बंधुओं का मंच के माध्यम से संस्कृति पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं मेले के संयोजक सत्येंद्र सिंह लोधी के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया जिसमे एक मंच पर जिले के समस्त पत्रकार बंधुओं की उपस्थिति ने एकता का अनोखा संदेश प्रस्तुत किया जो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रसिद्ध लोकगीत गायक जितेंद्र खरे जित्तू एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत सुमधुर लोकगीतों ब्रज की सांस्कृतिक राई लोकनृत्य ने महोत्सव में उपस्थित जनसेलाब को जमकर नचाया और साथ मंत्री लोधी ने पुष्प वर्षा कर फूलो की होली खेली इस भक्तिमय माहौल ने परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। ब्रज की राई में भक्ति के साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर संदेश देखने को मिला। इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। चारों ओर दर्शक कार्यक्रम का आनंद लेते नजर आए। मुख्य कार्यक्रम के पूर्व स्थानीय कलाकारो ने अपनी प्रस्तुति दी जिसमे स्थानीय प्रतिभाओं को महोत्सव के मंच अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिला और उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजीव अयाची, जुगल शर्मा, अमन जैन, ब्रजेन्द्र राठौर ने किया।



# पूंजीवाद और साम्यवाद के द्वंद्व के बीच एकात्म मानव दर्शन ही विश्व कल्याण का मार्ग: सुनील देव

### भाजपा कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई; प्रतिमा पर अर्पित किए श्रद्धासुमन




**सागर (ब्यूरो)।** जिस समय पूरा विश्व और पश्चिमी देश पूंजीवाद या साम्यवाद के द्वंद्व में फंसे थे, उस समय विश्व कल्याण के लिए पंडित जी ने %एकात्म मानव दर्शन % का मार्ग दिखाया।पंडित दीनदयाल जी के अनुसार,भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में पश्चिमी अवधारणाओं—जैसे व्यक्तिवाद, जनतंत्र, समाजवाद या पूंजीवाद—पर पूरी तरह निर्भर नहीं रह सकता। मनुष्य के शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का एक एकीकृत विकास ही सच्चा एकात्म मानव दर्शन सिद्धांत है। यह बात राष्टीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील जी देव ने भाजपा कार्यालय में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि %समर्पण दिवस% के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित सम्बोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संगीता तिवारी,जिला उपाध्यक्ष जगनाथ गुरैया,आजीवन सहयोग निधि जिला प्रभारी निकेश गुप्ता,देवेंद्र कटारे,मंडल अध्यक्ष नीरज यादव,मेघा दुबे जी,,नीलम अहिरवार अमित बैसाखिया मंचासीन रहें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री सुनील जी देव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बाल्य काल में ही उनके माता-पिता का साया उठ गया था। 15 वर्ष की आयु तक आते-आते छोटे भाई और नानाजी का भी देहांत हो गया। इन घोर अभावों के बावजूद उन्होंने एम.ए. तक शिक्षा ग्रहण की।संघ के संपर्क में आने के बाद उन्हें अनुभव हुआ कि राष्टवाद और त्याग ही जीवन का सच्चा मार्ग है। वे 1940 में संघ के प्रचारक बने और 1951 में जनसंघ की स्थापना के समय पहले राष्टीय संगठन महामंत्री का दायित्व संभाला।

सुनील देव जी ने अंत में कहा कि एक महान विचारक, अर्थशास्त्री और समाजशास्त्री होते हुए भी उन्होंने जीवन भर एक संत की तरह सादगी अपनाई। उनका त्यागपूर्ण जीवन आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए अनुकरणीय है।

जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी के लिए एक ऐसा दर्शन दिया,जिसके आधार पर चलकर आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी है। राजनीतिक दल बनने के बाद भारत भर में आज पंच-सरपंच से लेकर देश के प्रधानमंत्री और राष्टपति तक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं। पार्टी के कार्यकर्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानव दर्शन व अंत्योदय के विचार को प्रतिपादित करने का काम कर रहे हैं। पं. उपाध्याय जी ने जो विचार दिया उसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में हर गरीब का जीवन बदलने का काम हमारी सरकार कर रही हैं। भाजपा लगातार पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पं. उपाध्याय जी के विचारों को भाजपा प्रतिपादित कर रही है।

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को जिले के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं ने समर्पण दिवस के रूप में मनाया। सागर के पं. दीनदयाल चौराहे पर पं. दीनदयाल जी की प्रतिमा पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम में संभागीय कार्यालय मंत्री डॉ वीरेंद्र पाठक,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप पाठक, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह तिवारी विनय मिश्रा पार्षद शैलेन्द्र ठाकुर, धर्मेंद्र खटीक, मनीष चौबे, रीतेश तिवारी, अंशुल हर्शे, अंशुल परिहार यश अग्रवाल नितिन सोनी, बालकिशन सोनी, प्रतिभा चौबे, नेहा जैन, सुनीता रैकवार, रश्मि कुशवाहा, उर्मिला सहारे, प्रमिला मौर्य, वैदेही पुरोहित, जयश्री रैकवार, प्रतिभा चौबे प्रीति केशरवानी,रूबी पटेल अभिषेक अग्रवाल सतीश जैन शालीन सिंह राहुल वैद्य रूपेश जड़िया सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी आलोक केसरवानी ने दी।

# महाशिवरात्रि पर वेद मंत्रों की ध्वनि से गूंजेगा गुरोन निवास, होगा प्रसादी का वितरण



**सागर (ब्यूरो)।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सतनाम वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष जनसेवक मनी सिंह गुरोन द्वारा भगवान शिव का अभिषेक पूजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा मनी सिंह ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में प्रसाद वितरण कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया,बता दो की मनी सिंह सिख समुदाय से होने के बाद भी भगवान शिव की परम भक्त हैं,और इन्होंने अपने निवास के अंदर ही शिवालय की स्थापना कराई है,जिनका नित्य मनी सिंह पूजन अर्चन और आरती करते हैं,कोई भी कार्य करने से पहले मनी सिंह बाबा के चरणों में माथा टेक कार्य सफलता की प्रार्थना करते हैं,हाल ही में मनी सिंह के पिता डॉ गुरनाम सिंह का स्वास्थ्य खराब था जिनके जल्द ठीक होने की कामना को लेकर मनी सिंह नेपाल के पशुपति नाथ मंदिर भी माथा टेकने गए थे,भगवान शिव में अटूट श्रद्धा के चलते हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिवरात्रि के शुभ अवसर पर यह आयोजन किया जाएगा,जब मनी सिंह के निवास स्थान पर वेद मंत्रों की ध्वनि गूंजती है,तो पूरा परिसर और वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है,और ऐसा लगता है मानो हम किसी प्राचीन शिवालय या किसी सिद्ध स्थान पर हो,मन के अंदर सहज ही भक्ति जागृत हो जाती है।

# फाइबर-ऑप्टिक तकनीक और कुशल हाथों का कमाल: बीएमसी में जबड़े की हड्डियों के जुड़ाव का सफल ऑपरेशन



### तीन साल बाद खुला मासूम का मुंह, टी एम जे एंकायलोसिस सर्जरी

**सागर (ब्यूरो)।** बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (क्लष्ट) के डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी विशेषज्ञता का लोहा मनवाया है। संस्थान के डेंटल और एनेस्थीसिया विभाग की टीम ने 9 साल के एक मासूम बच्चे का सफल ऑपरेशन कर उसे टेम्पोरो-मैंडिबुलर जॉइंट (ज्ञस्छ्ठ) एंकायलोसिस जैसी गंभीर स्थिति से निजात दिलाई है। बच्चा पिछले तीन वर्षों से अपना मुंह नहीं खोल पा रहा था।

नौ वर्षीय बालक का 3 साल से मुंह बंद था, वह केवल लिक्विड डाइट पर निर्भर था। श्री डी सी टी स्कैन में जबड़े की हड्डियों का आपस में जुड़ना (ज्ञस्छ्ठ एंकायलोसिस) पाया गया।

ऑपरेशन के तुरंत बाद बच्चा 30 मिमी से अधिक मुंह खोलने में सक्षम हुआ।

### चुनौतीपूर्ण थी सर्जरी और एनेस्थीसिया

चूंकि बच्चे का मुंह पूरी तरह बंद था, इसलिए सामान्य तरीके से बेहोश करना (ढ्ठहृह्वड्डढ्डह्लद्बश्ठ) असंभव था। डॉ. शशि वाला के नेतृत्व में एनेस्थीसिया टीम ने %नेजल फाइबर-ऑप्टिक इंट्यूबेशन% जैसी विशेष तकनीक का उपयोग कर इस बाधा को पार किया।

सर्जरी डॉ. श्वेता भटनागर और उनकी टीम द्वारा अत्यंत सटीकता के साथ की गई। ऑपरेशन के बाद डॉ. सर्वेश जैन की देखरेख में आई सी यू में रखने के बाद बच्चे को वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

बीएमसी डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर ने कहा कि ऑपरेशन के तुरंत बाद हमें अपेक्षित परिणाम मिले हैं। अब नियमित फिजियोथेरेपी से बच्चे की स्थिति में और भी बेहतर सुधार होगा।

मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि इस सफल सर्जरी के बाद अब वह बच्चा तरल आहार की मजबूरी से निकलकर सामान्य भोजन कर सकेगा और स्पष्ट रूप से बोल पाएगा। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ (सुश्री प्रियंका) का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

यह सफलता दर्शाती है कि अब जटिल मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के लिए मरीजों को बड़े महानगरों की ओर भागने की जरूरत नहीं है। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध यह विशेषज्ञ सुविधा स्थानीय मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

# वरिष्ठ अधिकारियों ने डबरा के नवग्रह शक्ति पीठ में आयोजित धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

### कंट्रोल रूम, सुरक्षा, फायर सेफ्टी व भीड़ प्रबंधन सहित समुचित व्यवस्थाओं की समीक्षा

**ग्वालियर (ब्यूरो)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह शक्ति पीठ में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दरअसल, डबरा स्थित नवग्रह मंदिर में एक दिन पहले यानी मंगलवार को कलश यात्रा से नवग्रह पीठ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत हुई थी। यह महोत्सव 20 फरवरी तक चलेगा। पहले ही दिन कलश यात्रा से पहले कलश वितरण के दौरान भगदड़ मचने की घटना हुई थी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि आठ लोग घायल हुए थे।

इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टर रुचिका चौहान, आईजी अरविंद सक्सेना व डीआईजी अमित सांघी सहित विभागीय अधिकारियों ने डबरा स्थित नवग्रह मंदिर में प्रस्तावित कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सर्वप्रथम कंट्रोल रूम पहुंचकर मॉनिटरिंग व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर रुचिका चौहान ने मंदिर परिसर में सुरक्षा एवं आवागमन व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़ की स्थिति को देखते हुए रस्सी एवं बैरिकेडिंग की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए, आवश्यकता पड़ने पर उसका उपयोग किया जाए। इसके पश्चात उन्होंने यज्ञशाला का निरीक्षण कर यज्ञ की समयावधि, संभावित श्रद्धालुओं की संख्या तथा कार्यक्रम की समग्र रूपरेखा के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान आईजी अरविंद सक्सेना ने अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से मंदिर परिसर में 16 फायर एक्सटिंग्विशर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित स्टाफ को इनके उपयोग का प्रशिक्षण देने तथा डेमो आयोजित करने पर बल दिया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उपकरणों का प्रभावी उपयोग किया जा सके।

## खांड़ा पहुंचे हाथी, रात में तोड़े चार घर, फसलों को बनाया आहार

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में 51 दिनों से तीन हाथियों का समूह अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर के ग्रमीण क्षेत्रों में निरंतर विचरण कर रहे हैं, जो दो समूह में बटे हाथियों में एक अनूपपुर नगर से लगे सेंदुरी, बेलापार,भगतबांध, भोलगढ से खांडा के जंगल में पहुंचकर मंगलवार-बुधवार की रात खांड़ा गांव में चार घरों में तोड़फोड़ कर खेतों में लगी फसलों को आहार बनाया है। दरअसल, तीन हाथियों का समूह 51 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ की सीमा पार कर जिले के अनूपपुर एवं जैतहरी वन परिक्षेत्र में पहुंचा था। यह हाथी रात होते ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर खेतों में लगी फसलों को अपना आहार बना रहे हैं, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। एक दांत वाला हाथी सोनमौहरी बीट के जंगल में 8 दिन बीताने बाद मंगलवार की रात्रि सेंदुरी गांव से ग्राम पंचायत पिपरिया के बेलापार,भगतबांध, भोलगढ से पोंड़ी बीट के जंगल में दिन में ठहरने बाद रात होते ही ग्राम खांडा निवासी शंकर राठौर, राम सिंह, हीरामन पाव, सोनू सिंह पाव के कच्चे घरों में तोड़फोड़ कर अंदर रखी खाद्य सामग्री को अपना आहार बनाया और फिर सीताराम राठौर, शकंर राठौर एवं अन्य के खेत एवं बाडियो में लगी गेहूं-अरहर की फसलों के साथ गन्ना तथा केला को अपना आहार बनाया। इस हाथी ने बुधवार की सुबह से खांडा बांध के ऊपर के जंगल में डेरा डाला है।

## ब्रीफ न्यूज

### जनगणना कार्य के सुचारू संपादन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा राज्य स्तरीय जनगणना के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार उप सचिव सामान्य प्रशासन श्री जयेंद्र कुमार विजयवत को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। श्री विजयवत जनगणना 2027 के दोनों चरणों में शासन स्तर से संपादित किए जाने वाले विभिन्न कार्यों को समय पर सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं अनुवर्ती कार्यवाही का उत्तरदायित्व निभायेंगे।

### रेल नेटवर्क के जरिये दुर्लभ प्रजाति के कछुओं की तस्करी का सरगना गिरफ्तार

**भोपाल।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य-जीव अभिरक्षक के निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर पटना-इंदौर एक्सप्रेस के प्रथम श्रेणी कोच से स्टेट टाइगर फोर्स भोपाल, रेलवे सुरक्षा बल एवं वन मण?डल भोपाल द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए संत हिरदाराम स्टेशन से एक आरोपी अजय सिंह राजपूत वल्द राजकुमार के पास से 311 नग दुर्लभ प्रतिबंधित प्रजाति के जीवित कछुओं को जप्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वन्य-जीव कछुओं को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर प्राकृतिक रहवास में मुक्त किया गया।

दुर्लभ प्रजाति के कछुओं की तस्करी के संबंध में 8 फरवरी, 2026 के प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुए संगठित गिरोह के विधि विरोधी बालक को लखनऊ से अभिरक्षा में लिया गया, जिसे प्रधान न्यायिक मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड भोपाल में 9 फरवरी को प्रस्तुत कर संप्रेक्षण गृह भोपाल भेजा गया। प्रकरण के अन्य फरार आरोपी आसिफ खान निवासी देवास को पक?ने के लिये स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स भोपाल द्वारा मुखबिर तंत्र विकसित कर लगातार 3 दिन तक घेराबंदी और रैकी की गयी। उसे 10 फरवरी को स्टेट टाइगर फोर्स मुख्यालय एवं इकाई भोपाल के संयुक्त दल द्वारा देवास शहर से गिरोह के मुख्य तस्कर आरोपी आसिफ खान को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय एसटीएसएफ में पेश कर फॉरेस्ट रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### उप मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनकी पुण्य स्मृतियों को नमन किया। उप मुख्यमंत्री ने रीवा के अस्पताल चौराहा स्थित पं. उपाध्याय की प्रीतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### युवा पीढ़ी में सोचने, समझने और नवाचार करने की अद्भुत क्षमता: प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी

**भोपाल।** सचिव पर्यटन और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी में सोचने, समझने और नवाचार करने की अद्भुत क्षमता है। देखो अपना देश ब्रोशर प्रतियोगिता के माध्यम से सभी ने अपनी कल्पनाशीलता, रचनात्मकता और अथक परिश्रम के माध्यम से न केवल अपने जिले और राज्य की पहचान को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया है, बल्कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत को भी प्रभावशाली ढंग से उजागर किया है। प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी, इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट भोपाल में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल देखो अपना देश के अंतर्गत ब्रोशर प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### किसानों को दी जा रही आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी

**भोपाल।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कृषक कल्याण वर्ष-2026 के तहत प्रदेश में कृषि रथों का भ्रमण जारी है। इसी क्रम में नरसिंहपुर जिले के सभी 6 विकासखंडों में कृषि रथ चलाया जा रहा है। जिले के किसानों को ई-विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण), आधुनिक कृषि यंत्रों और उन्नत खेती आदि की जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को ब?ावा देने, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था और पराली प्रबंधन की जानकारी दी गई।

# जनजातीय समुदाय की समृद्धि का आधार बन रहे हैं वन मेले : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**वन मेले हर दौर की जरूरत, वनौषधियों से असंभव बीमारी का भी इलाज संभव**

**समृद्ध वन-खुशहाल जन की थीम पर उज्जैन में पहली बार लगा 'श्री महाकाल वन मेला'**

**महाकाल स्मृति उपहार किट और महाकाल वन प्रसादम् का किया शुभारंभ**

**वनौषधियों के जानकार वनरक्षक श्री जगदीश प्रसाद अहिरवार प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित**

**मुख्यमंत्री ने वन मेले का किया शुभारंभ, 16 फरवरी तक चलेगा वन मेला**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वन हमारी वसुंधरा का वैभव हैं, धरती की धरोहर और धरा का अलंकरण हैं। वन हमारी राष्ट्रीय पूंजी हैं। इनका संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन मेले प्रदेश की समृद्ध जैविक और वानस्पतिक विविधताओं को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम हैं। इनके जरिए हमारे जनजातीय भाई-बहनों को अपने वनोत्पाद और काष्ठ शिल्प विक्रय करने का सुनहरा मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि 'श्री महाकाल वन मेले' की आज से शुरूआत हो गई है। ये मेला शीघ्र ही अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। मेले में प्रदर्शित जड़ी-बूटियां तथा विभिन्न प्रकार के शुद्ध एवं सुरक्षित अकाष्ठीय लघु वनोत्पाद आयुर्वेदिक और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों से रोगोपचार में बेहद उपयोगी होते हैं। वनौषधियां हर रोग के इलाज में कारगर साबित हो रही हैं। इनसे असंभव रोग का इलाज भी संभव हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय बजट-2026 में एम्स की तर्ज पर देश में तीन नए अखिल भारतीय



आयुर्वेद संस्थान खोलने की घोषणा की गई है। इनमें से एक अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान भगवान धनवंतरी की कर्मभूमि और सिंहस्थ भूमि उज्जैन में स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को धार्मिक नगरी उज्जैन में पहली बार आयोजित 'श्री महाकाल वन मेला-2026' का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस वन मेले में नागरिकों को प्राकृतिक रंग-गुलाल मिलेंगे। इसमें नाड़ी वैद्य और आयुर्वेदिक चिकित्सक भी अपनी सेवाएं देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन मेले में प्रदर्शित काष्ठ और बांस से निर्मित एथनिक क्रॉफ्ट आइटम्स न केवल पारम्परिक शिल्पकला का उत्कृष्ट उदाहरण हैं, बल्कि सबके घरों की शोभा भी बढ़ाते हैं। उन्होंने उज्जैन के नागरिकों से अपील की कि वे इस वन मेले का भरपूर लाभ उठाएं और प्रदेश की वन संपदा तथा जनजातीय उत्पादों का उपयोग कर सबको प्रोत्साहित भी करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 'महाकाल वन मेले' के जरिए स्थानीय वन उत्पादों और शिल्पकारों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। पर्यावरण जागरूकता, आयुर्वेदिक उत्पादों के प्रचार-प्रसार और आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक सार्थक कदम है। उज्जैन के दशहरा मैदान में यह वन मेला 16 फरवरी तक चलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार तेजी से प्रदेश में मेडिकल और आयुर्वेदिक कॉलेजों की संख्या में वृद्धि कर रही है। पिछले साल हमने विभिन्न जिलों में 8 नए आयुर्वेदिक कॉलेज शुरू किए हैं। इस साल हम और भी तेजी से इस दिशा में आगे बड़ेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विंध्य हर्बल के प्राकृतिक रंग-गुलाल, महाकाल स्मृति उपहार किट एवं %महाकाल वन प्रसादम्% का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना जिले के वन औषधियों से उपचार पद्धति के विशेष जानकार वनरक्षक श्री जगदीश प्रसाद अहिरवार को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 25 जनवरी को %मन की बात% में वनरक्षक श्री अहिरवार द्वारा वनौषधियों के देशज ज्ञान के संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के जनजातीय और वनांचल को समृद्धि देने के लिए भोपाल और उज्जैन जैसे वन मेले प्रदेश भर में लगाए जाने की आवश्यकता है। उज्जैन में महाशिवरात्रि और विक्रमोत्सव के अवसर पर आयोजित वन मेला प्रदेशवासियों के लिए अद्भुत है। वन विभाग ने प्राकृतिक रूप से महाकाल वन प्रसादम् तैयार किया है। इसमें काष्ठ से बने गमले में एक पौधा लगाया गया है। यह गमला महाकाल को भेंट स्वरूप दिया जाएगा। वापस मिलने पर इसे किसी भी जगह पर सीधे रोपित कर दिया जाएगा। काष्ठ गलकर खाद बन जाएगा और पौधा बिना गमला निकालते ही निर्बाध रूप से पल्लवित होता रहेगा।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया आचार्य राजेन्द्र दास का आत्मीय स्वागत

**भोपाल।** मलूक पीठाधीश्वर आचार्य राजेन्द्र दास महाराज का बुधवार को रीवा एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आचार्य श्री का स्वागत वंदन कर आत्मीय अभिनंदन किया।

राजेन्द्र दास महाराज तदुपरांत उप मुख्यमंत्री शुक्ल के अमहिया स्थित निवास पहुंचे, जहाँ उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सपत्नीक आचार्य श्री का चरण पखारकर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा महाराज जी को श्रीफल व गौमाता की मूर्ति भेंट की।

बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में राजेन्द्र दास करेंगे गौ कथा एवं गौ आधारित खेती पर कथादरअसल, रीवा के बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 फरवरी से 14 फरवरी तक जगदगुरू द्वाराचार्य अग्रपीठाधीश्वर एवं श्रीमलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास महाराज अपनी अमृतवाणी से गौकथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर कथा करेंगे। यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। उप



मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि इस दिव्य आयोजन के माध्यम से गौसंरक्षण, गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं सनातन मूल्यों को नई दिशा और सशक्त प्रोत्साहन मिलेगा। गौ अभ्यारण्य परिसर में आयोजित होने वाली कथा अप्रतिम व भव्य होगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने गौ भक्त एवं गौ कथा वाचक श्री राजेन्द्र दास जी की कथा का श्रवण करने का सभी से आह्वान किया है।

उप मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को किया नमनउप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनकी पुण्य स्मृतियों को नमन किया। उप मुख्यमंत्री ने रीवा के अस्पताल चौराहा स्थित पं. उपाध्याय की प्रीतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर भोजपुर में होगा तीन दिवसीय 'महादेव-भोजपुर महोत्सव'

**भोजपुर में 15 से 17 फरवरी तक होगा शिव-साधना- महोत्सव के प्रथम दिवस सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा की होगी प्रस्तुति**

**भोपाल।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा शिव-साधना, लोकआस्था एवं कला-सौंदर्य के समन्वित उत्सव के रूप में ऐतिहासिक भोजपुर शिव मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय 'महादेव भोजपुर महोत्सव' का आयोजन 15 से 17 फरवरी तक प्रतिदिन सायं 6.30 बजे से किया जाएगा।

संस्कृति संचालक एनपी नामदेव ने बुधवार को बताया कि जिला प्रशासन रायसेन के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव शिव-शक्ति, लोकपरंपरा और सांस्कृतिक चेतना का भव्य उत्सव होगा। यह महोत्सव भोजपुर की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहर को सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से राष्टीय पटल पर प्रतिष्ठित करने का सशक्त प्रयास है। लोकगायन, लोकनृत्य, नृत्य-नाटिका, सुगम संगीत एवं काव्य-पाठ के माध्यम से शिव महिमा, लोकसंवेदना और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की सजीव प्रस्तुति की जाएगी।

उन्होंने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिवस 15 फरवरी को सागर के ऋषि विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत लोकगायन से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, जो मंदिर प्रांगण को भक्तिरस से अनुप्राणित करेगा। इसके पश्चात सागर के उमेश नामदेव द्वारा प्रस्तुत बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य में लोकजीवन की जीवंत छवियाँ साकार होंगी। संध्या का विशेष आकर्षण मुंबई के सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा का भक्ति गायन होगा, जो श्रद्धालुओं को शिवभक्ति में लीन कर देगा।

महोत्सव के द्वितीय दिवस 16 फरवरी को भोपाल की शीला त्रिपाठी द्वारा लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

# डेटा-आधारित नीति से प्रदेश के शहरी विकास को मिलेगी नई दिशा: नगरीय विकास आयुक्त

**मध्य प्रदेश में बनेगी भविष्योन्मुखी किफायती आवास नीति; 30 दिनों में तैयार होगा अंतिम ड्राफ्ट**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत संकेत भोंडवे ने कहा कि विभाग के पास वर्तमान में लगभग 55 लाख प्रॉपर्टी आईडी का विशाल डेटा उपलब्ध है। इस डेटा का उपयोग कर एक सशक्त और साक्ष्य-आधारित हाउसिंग पॉलिसी तैयार की जाएगी।

आयुक्त भोंडवे बुधवार को भोपाल के भौंरी स्थित सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान में %अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी% (किफायती आवास नीति) पर आयोजित एक गहन स्टेकहोल्डर परामर्श सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उन्होंने आवास नीति की महत्ता को रेखांकित करते हुए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) भोपाल को निर्देशित किया कि अगले 30 दिनों के भीतर नीति का अंतिम ड्राफ्ट तैयार कर प्रस्तुत करें।

दरअसल, मध्य प्रदेश में नागरिकों को सुलभ और पर्यावरण-अनुकूल आवास



उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में बुधवार को यह गहन स्टेकहोल्डर परामर्श सत्र आयोजित किया गया। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एपीए) भोपाल के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश की आगामी आवास नीति के स्वरूप, भविष्य की रणनीतियों और सामाजिक स्थिरता पर विस्तार से मंथन किया गया। स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल द्वारा किफायती आवास की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर विशेषज्ञ द्वारा विस्तृति प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रस्तुतिकरण में पर्यावरणीय में संतुलन, सामाजिक स्थिरता तथा शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर विचार विमर्श किया गया।

# मप्र पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक सप्ताह में 83 लाख रुपये से अधिक की अवैध शराब व वाहन जप्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा राज्य में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में अवैध शराब के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में पिछले 7 दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई कर 83 लाख रुपये से अधिक की अवैध शराब व वाहन जब्त किए हैं।

पुलिस मुख्यालय द्वारा बुधवार को जानकारी दी गई कि झाबुआ जिले में ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने एक बी सफलता हासिल करते हुए 293 पेटी अंग्रेजी शराब से भरे ट्रक को पका, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 55 लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है। वहीं, मुरैना जिले के बामोर पुलिस ने शराब तस्करी करते हुए 2





आरोपियों को गिरफ्तार कर 35 पेटी अवैध शराब सहित एक कार जब्त की। इस कार्यवाही में कुल 9 लाख 60 हजार रुपये की सामग्री जब्त की है।

इसी तरह अशोकनगर जिले में पुलिस ने अवैध कच्ची शराब की फैक्ट्री पर छापा मारकर 500 लीटर शराब जब्त कर 8 लाख 75 हजार रुपये का सामग्री जब्त की है। इसके अतिरिक्त, एक अन्य कार्यवाही में 8 हजार 250 रुपये की शराब जब्त किया है। इंदौर जिले के देपालपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 40 पेटी बीयर और एक कार जब्त कर 6 लाख 44 हजार रुपये की सामग्री जब्त की है। ग्वालियर के पुरानी छावनी पुलिस ने कार में परिवहन की जा रही1 लाख रूपए की 19 पेटी अवैध शराब कार सहित जब्त की है।

कटनी जिले के चौकी झिंझरी थाना माधवनगर पुलिस ने शराब तस्करी पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर 35 हजार रुपये की शराब और इलेक्ट्रिक स्कूटी जब्त की है। दतिया जिले में कोतवाली और पंडोखर पुलिस ने अलग-अलग कार्यवाहियों में क्रमशः 55 हजार रुपये और 32 हजार रुपये की अवैध शराब जब्त की है। जबलपुर में भी पुलिस ने देशी व अंग्रेजी शराब एवं वाहनसहितलगभग 1 लाख 2 हजार रुपये की सामग्री जब्त की है।

# पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत आयुक्त एवं कलेक्टर कार्यालय भवन निर्माण की रूपरेखा तय

**भोपाल।** भोपाल संभाग के आयुक्त संजीव सिंह ने बुधवार को आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक में पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत आयुक्त एवं कलेक्टर कार्यालय भवन निर्माण की रूपरेखा तय करते हुए संबंधित विभागों के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की।





उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने अमले की गणना कर आवश्यक स्थान का निर्धारण शीघ्र करें तथा इसके लिए एक जिम्मेदार अधिकारी की नियुक्ति करें, जो निर्माण एजेंसी के साथ सतत समन्वय बनाकर विभागीय आवश्यकताओं के अनुरूप स्थान सुनिश्चित करे।

आयुक्त सिंह ने बताया कि योजना के तहत कलेक्टर कार्यालय भवन के सामने स्थित शासकीय कार्यालयों के स्थान पर नवीन आयुक्त कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय भोपाल, आईजी पुलिस कार्यालय, नजूल अधिकारी बैरागढ़ तथा भोपाल शहर के अन्य कार्यालय भवनों का निर्माण प्रस्तावित है। प्रथम चरण में 15 विभागों को अपने वर्तमान स्थान खाली करने होंगे, ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने मुख्यालय स्तर पर शिफ्टिंग की जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे स्थानांतरण की प्रक्रिया व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी नए कार्यालय को शामिल नहीं किया जाएगा और न ही कोई वर्तमान कार्यालय योजना से बाहर रहेगा। कलेक्टर कार्यालय से प्रभावित विभागों की सूची तैयार कर कलेक्टर से समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में आयुक्त, गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मध्य प्रदेश चंद्रमौली शुक्ला, संयुक्त आयुक्त डॉ. विनोद यादव, उपायुक्त राजस्व किरण गुप्ता, एडीएम पी.सी. शाक्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# निजी प्रकाशक भी एनईपी-2020 के अनुरूप विषय वस्तु पर आधारित आकर्षक और मितव्ययी पुस्तकें करें तैयार: स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह





**राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के अनुरूप विषय वस्तु का पुस्तकों में समावेश विषय पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला**

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भोपाल के होटल अशोका लेकव्यू में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के अनुरूप विषय वस्तु का पुस्तकों में समावेश विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 न केवल पाठ्यक्रम परिवर्तन का दस्तावेज है, बल्कि यह भारत केन्द्रित, बाल-केन्द्रित और भविष्य केन्द्रित शिक्षा दृष्टि है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अनेक शिक्षाविदों और विशेषज्ञों के अथक परिश्रम का परिणाम है। ऐसी पाठ्य पुस्तकें तैयार हों जो विद्यार्थी में जिज्ञासा, तर्कशक्ति, सृजनशीलता और भारतीयता तथा पर्यावरण के प्रति संरक्षण की दृष्टि के बोध को विकसित करें। पुस्तक शिक्षक के लिए मार्गदर्शक बने, बोझ नहीं। हमारा उद्देश्य ऐसी पाठ्यपुस्तकें निर्मित करना है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुसार भारत की आत्मा, विज्ञान की दृष्टि, और भविष्य के विश्वास को समेकित करें।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि निजी विद्यालयों में प्रयुक्त होने वाली पाठ्यपुस्तकों में भी यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि, उनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निर्देशों के अनुरूप एनसीईआरटी और एससीईआरटी द्वारा तैयार की गयी विषय वस्तु का समावेश हो।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादकः ज्ञान सिंह बघेल।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), फोनः 9131883521, ई-मेलः janjanjagran@gmail.com **आर.एन.आई.नं. 58842/94**